# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 28 अक्टूबर 2025







# 65 हजार की ठगी ने खोली 50 करोड़ की उगाही, डिलीवरी ब्वाय बनकर मुंबई में छग पुलिस ने डाला डेरा, गिरोह फूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खैरागढ़

इंस्टाग्राम पर चिकनकारी साड़ी खरीदने आनलाइन शापिंग करने वाली संगीत विश्वविद्यालय की छात्रा से लगभग 65 हजार की ठगी के बाद पुलिस ने मुंबई से एक ऐसे गिरोह को दबोचा है जिसने ऑनलाइन 50 करोड़ की ठगी की है। इस गिरोह को दबोचने खैरागढ़ पुलिस ने ऐन दिवाली के मौके पर मुंबई में डेरा डाला और डिलीवरी ब्वाय बनकर आरोपियों की रेकी की। उसके बाद सभी को दबोच लिया गया।

आईजी अभिषेक शांडिल्य और एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा ने बताया कि 22 अगस्त को संगीत विवि की एक छात्रा ने इंस्टाग्राम के माध्यम से आनलाइन चिकनकारी साड़ी खरीदी के लिए साइट पर संपर्क कर आर्डर दिया था, जिसके बाद आरोपियों ने पेमेंट के लिए पहले क्यूआर कोड और ▶▶|शेष पेज 6 पर

खास खबर

### आईजी ने थपथपाई पीठ

संपूर्ण घटनाक्रम की जानकारी देने के बाद आईजी राजनांदगॉव रेंज अभिशेक शांडिल्य ने कहा कि दीपावली जैसे बड़े पर्व में घर परिवार से दूर रहकर जॉच दल मे शामिल अधिकारियों व जवानो ने कर्तव्यपरायणता की अद्भुद मिसाल पेश की है। उन्होने एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की जमकर सराहना की।



### डिलीवरी ब्वाय तक बने पुलिस जवान

सूचना पुष्ट होने के बाद जॉच दल ने मुंबई के डोंबीवली इलाके मे डेरा डाल दिया। सघन इलाका और आरोपियों द्वारा फर्जी सिम और बैंक खातों का प्रयोग करने से सही नाम पते की जानकारी नही मिल रही थी जिसके चलते लगभग सप्ताह भर तक पुलिस जवान कभी डिलीवरी ब्वाय तो कभी और कुछ बनकर डोंबीवली के लोढ़ा पलावा आरोलिया अरबन फ्लैट के आसपास रेकी करते रहे। लगातार प्रयास के चलते आरोपियों के सातवें और सोलहवें फ्लोर मे होने की जानकारी मिली। उसके बाद छापा मारकर पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया। ▶▶|शेष पेज 6 पर

### ये पकड़े गए

मामले मे पुलिस ने गिरोह के मास्टर माइंड गौतम पिता परमानंद पंजाबी 23 साल पचोरा जलगॉव, पवन पिता बबन सुरूसे 25 साल बालापुर अकोला, रामचंद्र पिता जनार्दन चौके 21 साल बालापुर अकोला, अमोल पिता संतोष दीवनाने 24 साल बालापुर अकोला, मनोज पिता नंदू मुखिया 29 साल मधुबनी बिहार, अभिषेक पिता संतोष डंबउे 24 साल बालापुर अकोला और दो अन्य आरोपी विनायक 24 साल, अमित पिता रामेश्वर मोरे 25 साल को दबोचा। विनायक और अमित सगे भाई हैं सभी को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया है।


आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) = | ₹88100/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) = | ₹107600/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) = | ₹117455/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

aNaND Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply


आज से शुरू और 7 फरवरी-2026 को होगा खत्म

# छग में भी होगी मतदाताओं की 'छंटाई' 12 राज्यों में एसआईआर का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को कहा कि बिहार के बाद अब देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कवायद आगामी चार नवंबर से शुरू होगी। अंतिम मतदाता सूची अगले साल फरवरी में प्रकाशित होगी। दूसरे चरण में छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में एसआईआर कराया जाएगा। इनमें तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव संभावित हैं। कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में स्पष्ट किया कि असम में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण की घोषणा अलग से की जाएगी। असम में भी अगले साल विधानसभा चुनाव संभावित है। ▶▶|शेष पेज 6 पर

अलग खबर

*चुनाव आयोग ने देशव्यापी एसआईआर को लेकर बड़ा ऐलान किया है। विशेष गहन पुनरीक्षण के दूसरे चरण में छत्तीसगढ़, यूपी, बंगाल समेत 12 राज्यों में अभियान चलाया जाएगा। इसमें करीब 51 करोड़ मतदाता शामिल होंगे। यह 28 अक्टूबर से शुरू होगा और 7 फरवरी को खत्म होगा। 103 दिन की कार्यवाही में मतदाता सूची में सुधार, नए मतदाताओं का समावेश और सूची में त्रुटियों का निवारण किया जाएगा। चुनाव आयोग के ऐलान के बाद सियासत शुरू हो गई है।*

### इन 12 राज्यों में 51 करोड़ वोटरों का होगा पुनरीक्षण




### इन लोगों को नहीं देना होगा दस्तावेज

*दरअसल, सबसे पहले बीएलओ हर मतदाता को उसके घर पर यूनीक इनूमेरेशन फॉर्म देने जाएंगे। इस फॉर्म में मतदाता की हर डिटेल होगी। उसके बाद जिनका भी नाम है, उन्हें ये देखना होगा कि उनका नाम 2003 की लिस्ट में था तो उन्हें कोई कागज नहीं देना होगा। अगर उनके माता-पिता का नाम भी उसमें था तो उन्हें कोई कागज नहीं देना होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ने स्पष्ट किया कि जिन लोगों के नाम पहले से ही मतदाता सूची में शामिल हैं, उन्हें किसी भी तरह का नया दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। यानी जिनका नाम पुराने या मौजूदा एसआईआर मतदाता सूची में दर्ज है, वे स्वतः पात्र माने जाएंगे।*

### किन लोगों को कागज देना होगा?

*एसआईआर के लिए हर नागरिक को डॉक्यूमेंट्स जमा करने की जरूरत नहीं है। चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार, केवल उन्हीं लोगों को अपने दस्तावेज देने होंगे जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं है। सिर्फ उन ही लोगों को कागज देना होगा जिस लोगों का लिंक बीएलओ नहीं कर पाएगा।*

### कब क्या होगा

- 28 अक्टूबर से 3 नवंबर- प्रशिक्षण एवं प्रिंटिंग
- 4 नवंबर से 4 दिसंबर- मतदाताओं का घर-घर सत्यापन
- 9 दिसंबर- ड्राफ्ट मतदाता सूची तैयार
- 9 दिसंबर-25 से 8 जनवरी-26- दावा और आपत्तियां
- 9 दिसंबर-25 से 31 जनवरी-26- सुनवाई और सत्यापन
- 7 फरवरी-2026-अंतिम मतदाता सूची

### एसआईआर क्या है

यह चुनाव आयोग की एक प्रक्रिया है। इसमें वोटर लिस्ट अपडेट की जाती है। इसमें 18 साल से ज्यादा के नए वोटर्स को जोड़ा जाता है। ऐसे लोग जिनकी मौत हो चुकी है, जो शिफ्ट हो चुके हैं उनके नाम हटाए जाते हैं। वोटर लिस्ट में नाम, पते में हुई गलतियों को भी ठीक किया जाता है। बीएलओ घर-घर जाकर खुद फॉर्म भरवाते हैं।

### इन दस्तावेजों की होगी जरूरत

- पहचान पत्र या पेंशन भुगतान आदेश जो किसी केंद्र सरकार, राज्य या सार्वजनिक क्षेत्र के नियमित कर्मचारी या पेंशनभोगी को जारी किया गया हो
- पहचान पत्र/ प्रमाणपत्र/ दस्तावेज़ जो भारत में किसी सरकारी या स्थानीय निकाय, बैंक, डाकघर, एलआईसी या सार्वजनिक उपक्रम द्वारा 1 जुलाई 1987 से पहले जारी किया गया हो
- जन्म प्रमाण पत्र, जो किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया हो.
- पासपोर्ट
- मैट्रिकुलेशन या शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जो किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय द्वारा जारी किया गया हो.
- स्थायी निवास प्रमाण पत्र, जो राज्य के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया हो.
- वन अधिकार प्रमाण पत्र
- जाति प्रमाण पत्र, जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया हो
- राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर— जहां यह लागू होता है।
- परिवार रजिस्टर, जो राज्य या स्थानीय अधिकारियों द्वारा तैयार किया गया हो.
- भूमि या मकान आवंटन प्रमाण पत्र, जो सरकार द्वारा जारी किया गया हो.
- आधार

## खबर संक्षेप

### दुबई जाने वाली निजी उड़ान चेन्नई डायवर्ट

**चेन्नई।** मदुरै से सोमवार को दुबई के लिए रवाना हुई एक स्पाइसजेट उड़ान को तकनीकी समस्या के बाद चेन्नई में उतार लिया गया।समस्या का पता यात्रा के दौरान चला और 160 यात्रियों को लेकर जा रहा विमान सुरक्षित रूप से चेन्नई हवाई अड्डे पर उतार लिया गया।



### अश्लील सामग्री फैलाने के आरोप में गिरफ्तार

**अगरतला।** त्रिपुरा में डिजिटल कंटेंट क्रिएटर महिला को सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री प्रसारित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। माधवी विश्वास विभिन्न मुद्दों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री माणिक साहा और सांसद विप्लव कुमार देव की अपने अलग अंदाज में कड़ी आलोचना करने के कारण फेसबुक पर काफी लोकप्रिय हैं।

### छठ पूजा के दौरान दो बच्चियां तालाब में डूबी

**रांची।** झारखंड के हजारीबाग में छठ पूजा के दौरान तालाब में नहाते समय दो लड़कियां डूब गईं। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान गुनगुन कुमारी (11) और रूपा तिवारी (12) के रूप में हुई है। यह घटना रविवार शाम को केरेडारी थाना क्षेत्र के बेला गांव में हुई। पुलिस के मुताबिक राज्य में पिछले 24 घंटों में डूबने की अलग-अलग घटनाओं में कुल आठ लोगों की मौत हुई है।



### एक दिन में पराली जलाने के 122 मामले दर्ज

**चंडीगढ़।** पंजाब में 15 सितंबर से 26 अक्टूबर तक पराली जलाने की 743 घटनाएं सामने आई हैं। रविवार को 122 मामले सामने आए हैं, जो इस सीजन में एक दिन में सबसे अधिक हैं। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार तरनतारन और अमृतसर जिलों में पराली जलाने के सबसे अधिक मामले सामने आए। कई किसान राज्य सरकार की पराली जलाने से रोकने की अपील की लगातार अवहेलना कर रहे हैं।

युवक की मौत के बाद बवाल

# सड़क पर प्रदर्शन, घेरा थाना 24 घंटे बाद धरा गया आरोपी



■ डिफेंडर कार ने मचाया कोहराम, रास्ते भर मदहोशी से लेता रहा चपेट में एक की मौत, छह घायल; आक्रोश में शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रविवार की रात बेमेतरा शहर दहल उठा। सड़क पर दौड़ती एक काली डिफेंडर कार ने देखते ही देखते मौत और दहशत का मंजर बना दिया। तेज रफ्तार, हॉर्न की चीख और चीखते लोग... कुछ ही सेकंड में सबकुछ थम गया। घटना में एक युवक की मौत हो गई। इधर, 24 घंटे बाद आरोपी को गिरफ्तार का जेल भेज दिया गया। सोमवार को बड़ी संख्या लोग सड़कों पर उतर आए। कोतवाली थाने के बाहर जमा हो गए। बेमेतरा शहर बंद रहा। भाजपा, क्रांति सेना, साहू समाज और व्यापारी संगठन सड़कों ▶▶|शेष पेज 6 पर

### पांच किलोमीटर तक रफ्तार का आतंक

टक्कर के बाद आरोपी चालक मेहर सिंह सलूजा उर्फ क्रिश (19 वर्ष) ने कार नहीं रोकी। वह भागते हुए सिंघौरी, शीतला मंदिर चौक, कर्मा माता चौक, संदीपनी स्कूल और जय सुपर मार्केट के पास भी कई लोगों को टक्कर मारता चला गया। जहां-जहां कार गुजरी, वहां लोग जान बचाने को दौड़ते नजर आए।

### अब उम्मीद-न्याय और सख्त सजा की

जीवन राम साहू का परिवार आज भी सदमे में है। परिजन बोले -हमें केवल न्याय चाहिए, ताकि किसी और मां की गोद सूनी न हो। शहरवासी भी अब एक सुर में कह रहे हैं - रफ्तार नहीं, जिम्मेदारी चले सड़कों पर।

### 24 घंटे में गिरफ्तारी

लगातार बढ़ते आक्रोश को देखते हुए एसपी बेमेतरा खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से कहा-दोषी को हर हाल में सजा दिलाई जाएगी, गिरफ्तारी 24 घंटे में होगी। इधर, एसपी का यह लिखित आश्वासन पत्र मिलते ही भीड़ शांत हुई और प्रदर्शन समाप्त हुआ। हालांकि सोमवार को दिन भर तनाव की स्थिति बनी रही।

सोशल मीडिया पर गृहमंत्री ने किया पोस्ट

# शाह ने फिर दोहराया मार्च 26 तक नक्सलवाद के खात्मे का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को बताया कि छत्तीसगढ़ में 13 'वरिष्ठ' माओवादियों समेत 21 माओवादियों ने अपने हथियार सौंपकर आत्मसमर्पण कर दिया है। शाह ने 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने के सरकार के संकल्प को दोहराया। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में रविवार को 21 माओवादियों ने अधिकारियों को 18 हथियार सौंपने के बाद ▶▶|शेष पेज 6 पर




18 हथियारों के साथ 21 नक्सलियों का समर्पण, इनमें 13 महिलाएं, सभी ईनामी

हरिभूमि फॉलोअप

### लगातार आत्मसमर्पण कर रहे नक्सली

बस्तर जिले के जगदलपुर में केंद्रीय समिति के एक सदस्य सहित 210 माओवादियों ने 17 अक्टूबर को पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। उन्होंने इस दौरान अपने 153 से अधिक हथियार सौंपे थे। इन माओवादियों पर कुल 9.18 करोड़ रुपए का इनाम घोषित था। बस्तर क्षेत्र के बीजापुर जिले में दो अक्टूबर को 103 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था जिनमें से 49 पर कुल 1.06 करोड़ रुपये से अधिक का इनाम घोषित था।

# कोलकाता से चीन के बीच सीधी उड़ान फिर शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडिगो ने सोमवार को कहा कि उसने कोलकाता और गुआंगझू के बीच उड़ानें फिर से शुरू कर दी हैं। इसके साथ ही भारत और चीन के बीच पांच साल से अधिक समय के बाद सीधी हवाई सेवाएं फिर से शुरू हो गई हैं। एयरबस ए320 विमान से संचालित पहली उड़ान रविवार रात लगभग 10 बजे कोलकाता से रवाना हुई और वापसी की उड़ान सुबह लगभग 7:50 बजे उतरी। दोनों शहरों के बीच रोजाना इस उड़ान का संचालन किया जाएगा।



### 10 नवंबर से दिल्ली और ग्वांगझू उड़ानें

इंडिगो 10 नवंबर से दिल्ली और ग्वांगझू के बीच भी उड़ानें संचालित करेगी। दोनों देशों के बीच 2020 की शुरुआत तक सीधी उड़ानें जारी थीं, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इन्हें निलंबित कर दिया गया। पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद के कारण ये सेवाएं निलंबित रहीं।

आवारा कुत्तों का मामला : सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य सचिवों को किया तलब

# 3 नवंबर को पेश हों वरना ऑडिटोरियम में लगाएंगे अदालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल और तेलंगाना के अलावा अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को तीन नवंबर को अदालत में उपस्थित होकर यह बताने का निर्देश दिया कि आवारा कुत्तों के मामले में अनुपालन हलफनामा क्यों नहीं दाखिल किया गया। जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि अगर राज्यों के मुख्य सचिव उपस्थित ▶▶|शेष पेज 6 पर



### क्या था सुप्रीम कोर्ट का पिछला आदेश?

सर्वोच्च न्यायालय ने 22 अगस्त को आवारा कुत्तों के मामले का दायरा दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की सीमाओं से आगे बढ़ाते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस मामले में पक्षकार बनाने का निर्देश दिया था। अपने 22 अगस्त के आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर ने आवारा कुत्तों को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए थे। अदालत ने कुत्तों को नसबंदी और दवा देने के बाद छोड़ने का आदेश दिया था।

### देश की इमेज दूसरे देशों में खराब हो रही

मामले पर नाराजगी जाहिर करते हुए जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित राज्यों को नोटिस जारी किया था। आदेश की बड़े पैमानें पर रिपोर्टिंग भी हुई थी। जस्टिस नाथ ने कहा, लगातार घटनाएं हो रही हैं और देश की इमेज दूसरे देशों की नजर में खराब हो रही है। हम न्यूज रिपोर्ट भी पढ़ रहे हैं। जस्टिस नाथ ने पूछा कि दिल्ली सरकार ने एफिडेविट क्यों फाइल नहीं किया है।

### उन्हें आकर स्पष्टीकरण देना चाहिए

कोर्ट ने कहा कि 22 अगस्त के आदेश के अनुसार, केवल 3 अनुपालन हलफनामे दाखिल किए गए हैं, जिनमें पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और एमसीडी शामिल हैं। चूंकि हमारे आदेश का पालन नहीं किया गया है, राज्यों के मुख्य सचिवों को आना ही होगा। क्योंकि तीन महीने बीत जाने के बावजूद उन्होंने अनुपालन हलफनामे दाखिल नहीं किए हैं। उन्हें आकर स्पष्टीकरण देना चाहिए। उन्हें हलफनामा दाखिल करना था, लेकिन उन्होंने नहीं किया।



चरौटी में एक साइको ने प्रेमिका की हत्या कर पैरावट में डालकर आग लगाकर घटना का रूप दिया। युवती की अधजली लाश मिलने पर विवेचना शुरू हुई तो पुलिस भी चौंक गई। युवती के प्रेमी की साड़ी पहनकर खींची गईं कई फोटो घर में मिली। युवक ने इंस्टाग्राम में अलग- अलग महिलाओं के नाम व फोटो से 19 एकाउंट खोल रखे थे। इसके माध्यम से चैटिंग की संभावना भी जताई जा रही है। पुलिस ने साइको युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

# साड़ी पहनकर फोटो, इंस्टाग्राम में अलग-अलग महिलाओं के नाम व फोटो लगाकर 19 एकाउंट बनाए, साइको ने प्रेमिका को मार पैरावट में जलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम चरौटी में 25 अक्टूबर को सुबह 7.30 बजे एक युवती की पैरावट में जली हुई अवस्था में लाश मिली है। सूचना पर पुलिस तत्काल घटनास्थल ग्राम चरौटी पहुंचा। साथ ही फोरेंसिक टीम के माध्यम से भी शव एवं घटनास्थल का सूक्ष्म जांच एवं निरीक्षण किया गया। मृतिका कु. तेजस्विनी पटेल पिता रूप सिंग पटेल उम्र 26 साल निवासी ग्राम चरोटी पटेल पारा गुड़ी चौक की रहवासी बताई गई। शरीर पर किसी धारदार हथियार से वार करने के निशान थे। साथ ही युवती का शव पैरावट में बुरी तरीके से जली हुई अवस्था में पाया गया। प्रारंभिक जांच में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा युवती की हत्या कर शव, पैरावट में डालकर जला देना पाया गया। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना करने कहा। पुलिस ने गांव में ही कैंप कर, संपूर्ण घटनाक्रम की स्थिति, वारदात के तरीके का विश्लेषण करते हुए युवती की हत्या करने वाले अज्ञात आरोपी के संबंध में पूछताछ एवं पतासाजी शुरू की गई। संदेह के आधार पर आरोपी सालिक राम पैकरा को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। आरोपी सालिक राम पैकरा उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम चरोटी द्वारा मृतिका की हत्या करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

अलग खबर

युवती की चाकू व लकड़ी मारकर हत्या, फिर दुर्घटना का रूप दिया



आरोपी मृतिका

**वारदात की कहानी, आरोपी की जुबानी:** आरोपी सालिक ने बताया कि वह और तेजस्विनी दोनों एक साथ बलौदाबाजार में रोजी मजदूरी का काम करते थे। इस दौरान लगभग 4-5 माह पूर्व से दोनों के मध्य प्रेम संबंध स्थापित हो गया। कुछ दिनों से दोनों के बीच अनबन चल रही थी। जिसमें दोनों के द्वारा अलग-अलग रहने का फैसला लिया गया। इसके बावजूद सालिक उसे मिलने के लिए दबाव डालकर परेशान करने लगा। युवक ने 24-25 अक्टूबर की दरम्यानी रात 1.30-2 बजे करीबन मिलने के लिए बुलाया गया। मिलने पर उसने युवती पर पहले जैसे ही मिलने, बात आदि करने के लिए फिर से दबाव बनाया गया। तेजस्विनी के मना करने पर आवेश में आकर सालिक ने चाकू एवं लकड़ी से प्राणघातक वार कर उसे उसे मौत के घाट उतार दिया गया। फिर मृतिका के शव को वहीं पास के पैरावट में ले गया। पैरावट में एक लकड़ी के खूंटे से आग लगा दिया गया।

**आरोपी साइकोपैथ व क्रूर प्रवृत्ति का:** पुलिस व अन्य कुछ लोगों का कहना था कि आरोपी साइकोपैथ एवं क्रूर प्रवृत्ति का था। वह महिला संबंधी क्रियाकलापों में ज्यादा रहता था। महिला की वेशभूषा भी धारण करता था। आरोपी के घर में उसके द्वारा महिलाओं की वेशभूषा धारण कर खींचे गए बहुत सारे फोटो बरामद किए गए। इसके साथ ही आरोपी द्वारा सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में अलग-अलग महिलाओं के नाम से कुल 19 अकाउंट बनाए गए। आरोपी द्वारा सभी अकाउंट में महिलाओं की अलग-अलग फोटो भी अपलोड किया गया है। सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से आरोपी महिलाओं को लुभाने का काम करता था।

## खबर संक्षेप

### यूपीएससी-पीएससी कोचिंग के नाम पर लाखों की ठगी डायरेक्टर अरेस्ट

रायपुर। प्रतियोगी परीक्षाओं के नाम पर कोचिंग सेंटर की आड़ में 19 छात्रों के साथ 18 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी करने के आरोप में पुलिस ने कौटिल्य एकेडमी के डायरेक्टर को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि एकेडमी का संचालक छात्रों से रकम लेने के बाद कुछ समय कोचिंग सेंटर संचालित करने के बाद सेंटर बंद कर पत्नी सहित फरार हो गया। घटना पिछले वर्ष नवंबर की है। ठगी के आरोप में सरस्वती नगर पुलिस ने कोचिंग सेंटर के संचालक पवन टांडेश्वर को गिरफ्तार किया है। छात्रों ने पवन की पत्नी रूबी मजूमदार के खिलाफ भी ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, पवन ने छात्रों को कोचिंग सेंटर किसी दूसरी जगह शिफ्ट करने झांसा दिया और छात्रों से फीस के पैसे लेकर फरार हो गया था। छात्र कोचिंग सेंटर संचालक से कॉल कर संपर्क करते थे तो कोचिंग संचालक उन्हें जल्द सेंटर खोलने का झांसा देता था। कुछ समय के बाद कोचिंग सेंटर के संचालक पवन ने अपने मोबाइल बंद कर दिए। इसके बाद छात्र कोचिंग सेंटर संचालक के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे।

### प्रोफेसर कालोनी में मिली लाश, हत्या की आशंका

रायपुर। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित परशुराम नगर में लाश मिलने से सनसनी मच गई। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। युवक के शरीर पर केवल पैंट है, शर्ट गायब है। शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। मौके पर पुलिस तथा फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने जांच करने के बाद लाश मरच्यूरी रवाना कर दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

पांच हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी

# पीएम विजिट को लेकर हाई अलर्ट, बस टर्मिनल रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट की बढ़ाई गई निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के अनुसार प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए पांच हजार पुलिस जवानों की तैनाती की जाएगी। रायपुर के साथ अन्य जिलों के पुलिस बलों को बुलाया गया है। बस्तर, सरगुजा से पुलिस जवानों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। राजधानी पुलिस संदिग्ध वाहनों की निगरानी करने के साथ होटल, ढाबों के साथ संवेदनशील स्थानों की सोमवार से जांच शुरू कर दी है। पुलिस अफसर के अनुसार एसपीजी की टीम मंगलवार-बुधवार को रायपुर पहुंचेगी। एसपीजी के पहुंचने पर प्रधानमंत्री की सुरक्षा में किन-किन स्थानों पर कितने पुलिस बल की तैनाती की जानी है, इसका निर्णय लिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक एसपीजी के उच्चाधिकारी रायपुर पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री जिन स्थानों में जाएंगे, एसपीजी के अधिकारी उन स्थानों में पहुंचकर एक बार सुरक्षा का जायजा ले चुके हैं। साथ ही पुलिस अफसरों को सुरक्षा संबंधित जरूरी टिप्स दिए हैं।

खास खबर

**राज्य स्थापना के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक नवंबर को एक दिवसीय प्रवास पर रायपुर पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री आगमन को देखते हुए पुलिस ने शहर को हाई अलर्ट घोषित कर संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है। रेलवे स्टेशन, इंटर स्टेट बस टर्मिनल के साथ एयरपोर्ट की निगरानी बढ़ा दी गई है। इन क्षेत्रों में संदिग्धों की पहचान कर कार्रवाई करने सादी वर्दी में पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी एडीजी दिपांशु काबरा संभालेंगे।**



### वीआईपी के साथ सामान्य पब्लिक के लिए अलग रूट

राज्योत्सव में पांच हजार के करीब पंचायत प्रतिनिधियों के साथ वर्तमान के साथ पूर्व विधायक तथा सांसदों को शामिल होने न्योता दिया गया है। इसके साथ ही वर्तमान विधायक तथा सांसद राज्योत्सव कार्यक्रम में शामिल होने जाएंगे। इन जनप्रतिनिधियों के राज्योत्सव स्थल जाने अलग से वीआईपी रूट बनाया जाएगा। साथ ही सामान्य लोगों की आवाजाही के लिए अलग रूट तैयार किया जाएगा। इसका निर्णय एसपीजी के सुझाव के आधार पर होगा।

### 30 आईपीएस, सौ राजपत्रित पुलिस अफसरों की तैनाती

एसएसपी के अनुसार प्रधानमंत्री की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 30 आईपीएस अफसरों के साथ सौ राजपत्रित पुलिस अफसरों की तैनाती की जाएगी। आईपीएस के साथ राजपत्रित पुलिस अफसर प्रधानमंत्री जिस रूट से जाएंगे, वहां की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके अलावा होटल मे फेयर की सुरक्षा की जिम्मेदारी तीन आईपीएस अफसर के साथ दो दर्जन के करीब राजपत्रित पुलिस अफसर संभालेंगे।

### ऐसे होगी ट्रैफिक व्यवस्था

- प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए एक नवंबर को सुबह 8 से 10 बजे तक प्रधानमंत्री के रायपुर आगमन पर एयरपोर्ट टर्निंग से कयाबांध, एकात्मपथ, सीबीडी बिल्डिंग रोड मंत्रालय मेफेयर रोड और सेक्टर-24 का रास्ता पूरी तरह से बंद रहेगा। प्रधानमंत्री के जाने के बाद यह रास्ता खोल जाएगा।
- नया रायपुर सेक्टर-24 से सेक्टर-2 स्थित सत्य साइन अस्पताल तक प्रधानमंत्री जाएंगे वह सेक्टर 24 से मेफेयर रोड सीबीडी मंदिर हसौद टर्निंग परसदा स्टेडियम, झांझ तालाब मार्ग से गुजरेंगे, इस मार्ग को पूरी तरह बंद रखा जाएगा।
- सेक्टर-2 से प्रधानमंत्री मंदिर हसौद टर्निंग, कयाबांधा सेक्टर-20 स्थित शांति शिखर जाएंगे, यहां से एकात्मपथ होते हुए मंत्रालय के पीछे से विधानसभा पहुंचेंगे
- प्रधानमंत्री विधानसभा से एकात्म पथ होते हुए हुए कयाबांधा से सेक्टर-24 स्थित ट्राइबल म्यूजियम जाएंगे, इस दौरान आसपास की सभी 4 सड़कों को बंद रखा जाएगा।
- प्रशासन द्वारा जारी किए गए निर्देश के मुताबिक वह लोग जो महासमुंद और आरंग दिशा से आएंगे, उन्हें राजू ढाबा होते हुए सेरी खेड़ी से कयाबांधा की ओर आना होगा।
- बलौदा बाजार और बिलासपुर से आने वाले लोग मंदिर हसौद और सेरीखेड़ी होकर कयाबांधा के रास्ते सेक्टर 22 पहुंचेंगे।
- दुर्ग, भिलाई, बेमेतरा और बालोद से आने वाले लोग पचपेड़ी नाका से माना मार्ग होते हुए मुक्तांगन तक पहुंचेंगे।

जावंगा सीआरपीएफ 231 बटालियन का मामला

## सीआरपीएफ कैंप में जवान ने फांसी लगा की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/गीदम

दंतेवाड़ा जिले के जावगां सीआरपीएफ कैम्प में तैनात जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। घटना की जानकारी लगते ही सीआरपीएफ के अधिकारी मौके पर पहुंचकर इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर ही है। जानकारी के मुताबिक जवान दंतेवाड़ा जिले के गीदम स्थित सीआरपीएफ 231 बटालियन के हेडक्वार्टर में पोस्टेड था। सोमवार सुबह उसका शव कमरे में फंदे से लटकता मिला। सीआरपीएफ कैंप में तैनात जसवीर सिंह 46 वर्ष वाशरमेन निवासी कानपुर उतरप्रदेश के भवानीपुर ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर अधिकारी पहुंचे और इसकी जानकारी गीदम पुलिस को दी। पुलिस जवान जसवीर सिंह के आत्महत्या के कारणों की विवेचना कर रही है।



### मौके पर नहीं मिला सुसाइड नोट

जांच में पहुंची पुलिस को मौके पर किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। घटना की जानकारी मिलते ही सीआरपीएफ के अधिकारी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजकर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। इससे पूर्व भी अंदरूनी इलाकों में तैनात दर्जनों जवान आत्महत्या कर चुके है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जवानों को आत्महत्या से रोकने कई अभियान चला रहे है बावजूद घटना थमने का नाम नहीं ले रही है।

## 1 जनवरी से प्रायोगिक परीक्षाएं, अपलोड किया विस्तृत शेड्यूल

**रायपुर।** मुख्य परीक्षाओं के लिए संभावित तिथि जारी करने के बाद सीबीएसई ने प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथि भी जारी कर दी है। सीबीएसई ने 2026 के लिए प्रैक्टिकल परीक्षा का विस्तृत शेड्यूल अपलोड कर दिया है। प्रैक्टिकल परीक्षा एक जनवरी से सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित की जाएगी, जबकि पेंटिंग और ऑटोमोटिव जैसे कुछ विषयों के लिए यह दोपहर 12:30 बजे समाप्त होगी। इस वर्ष लगभग 45 लाख छात्र कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे। कक्षा 10 की परीक्षा दो-बोर्ड प्रणाली में कराई जाएगी। विंटर बाउंड स्कूलों में प्रायोगिक परीक्षाएं 6 नवंबर से 6 दिसंबर तक चलेंगी। गौरतलब है कि 10वीं की परीक्षाएं 17 फरवरी से 7 मार्च तक और 12वीं की परीक्षाएं 17 फरवरी से 9 अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी।

## सरकारी सप्लाई वाली एल्बेंडाजोल सहित 9 दवाएं मिली थीं अमानक, सीडीएससीओ ने किया सूचीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सरकारी अस्पतालों में सप्लाई की जाने वाली एल्बेंडाजोल सहित राज्य में बिकने वाली 9 तरह अमानक दवाओं को केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने अपनी सूची में शामिल किया है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम इन दवाओं के सैंपल लिए थे, जिसकी रिपोर्ट सितंबर में आई थी। इन दवाओं में कृमिनाशक एल्बेंडाजोल के चार बैच के अलावा दर्द राहत पैरासिटामॉल से संबंधित दवाएं शामिल हैं। सीजीएमएससी द्वारा एल्बेंडाजोल की दवाओं को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में भेजने से पहले जांच कराई गई थी। संबंधित बैच के सैंपल फेल होने के बाद तीन अन्य बैच की दवा के सैंपल लिए गए थे, जो निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करते थे। रिपोर्ट के आधार पर इन दवाओं के उपयोग को रुकवा दिया गया था। इसी तरह खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने विभिन्न जिलों से दवाओं के सैंपल उठाकर उसे राज्य के लैब जांच के लिए भेजा था। अमानक पाई गई दवाओं के मामले में संबंधित संस्थानों के खिलाफ ड्रग एक्ट के तहत कार्रवाई की जाती है। विभिन्न राज्यों में जांच में अमानक पाए जाने वाली दवाओं की जानकारी सीडीएससीओ को भेजी जाती है। केंद्रीय संगठन इन अमानक दवाओं को सूचीबद्ध कर सार्वजनिक कर अलर्ट जारी करता है।



कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल जांच में फेल, सप्लायर कंपनी एफी पैरेंटेरल्स को ब्लैकलिस्टेड करने की तैयारी

बेलतरा व सुकुलकारी क्षेत्र में गायों की मौत मामला

## हाईकोर्ट में पशुपालन विभाग ने पेश की जांच रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने विभागीय लापरवाही से गायों की मौत होने के मामले में संज्ञान लेते हुए पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग के प्रमुख सचिव से शपथ पत्र पर जवाब मांगा था। सोमवार को इस मामले में शासन ने अपना जवाब देते हुए दो हुई अलग-अलग जांच का रिपोर्ट पेश किया। कोर्ट ने अगले माह मानिटरिंग के लिए सुनवाई निर्धारित की है।



हाईकोर्ट में यह स्वप्रेरणा जनहित याचिका प्रकाशित एक समाचार के आधार पर पंजीकृत की गई है। इस मामले में आज चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने सुनवाई की। इस समाचार रिपोर्ट में बताया गया कि बिलासपुर जिले के मस्तूरी ब्लॉक के बेलतरा और सुकुलकारी क्षेत्रों में मवेशियों की लगातार मौत हो रही है। अस्थाई रूप से रखे गए गाय उचित प्रबंधन भोजन, पानी और चिकित्सा देखभाल के अभाव में मर रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार बेलतरा में एक दर्जन से अधिक और सुकुलकारी में 4 गायों की मौत हो चुकी है, लेकिन पशुपालन विभाग के अधिकारी इस बारे में अनभिज्ञ हैं। शासन-प्रशासन गायों की सुरक्षा के लिए प्रतिदिन योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहा है। इस बीच विभाग पर निष्क्रियता और संवेदनशीलता का आरोप लगाया जा रहा है। बड़ी संख्या में गायों की मौत ने पशु चिकित्सा विभाग की उदासीनता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मामले में चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में शासन की ओर से जवाब पेश किया गया। शपथ पत्र में यह बताया गया कि इस समाचार के आने से पहले ही 15 अक्टूबर को एक जांच पूरी कर ली गई है। उसके बाद इसी तरह की जांच 24 अक्टूबर को पूरी हुई है। इन दोनों जांच रिपोर्ट कोर्ट में पेश होने पर शासन से कहा कि आप इस तरह जानवरों के बारे में एक पालिसी बनाकर व्यवस्था करें। एक माह बाद अगली सुनवाई निर्धारित की गई है।


MAKHIJA IVF & FERTILITY CENTRE

Faith

आधुनिक तकनीकों जैसे आईवीएफ द्वारा अब 40 वर्ष या उससे अधिक उम्र एवं मासिक धर्म बंद होने पर भी डोनर सर्विसेज के माध्यम से माँ बनना संभव हो पा रहा है...

IVF में 10000/- की छूट

परामर्श हेतु कौन महिला संपर्क कर सकती है?

- बंद फेलोपियन ट्यूब, Low AMH
- अण्डों का न बनना, समय पर न फूटना (PCOD)
- बच्चेदानी में गांठ, बच्चेदानी में दीवार
- ओवरी सिस्ट, चॉकलेट सिस्ट
- एंडोमेट्रियोसिस, एडिनोमायोसिस
- माहवारी बंद होना, माहवारी का अनियमित होना
- बार-बार गर्भपात होना, महिला नसबंदी



परामर्श हेतु कौन पुरुष संपर्क कर सकते हैं?

- शुक्राणुओं की मात्रा कम होना
- शुक्राणुओं की मात्रा निल होना
- शुक्राणु की गुणवत्ता में कमी होना
- शुक्राणुओं के आकार में खराबी होना
- पुरुष नसबंदी

निःशुल्क परामर्श हेतु संपर्क करें या अपनी रिपोर्ट भेजें 8085758585

हम आपके परिवार को पूरा करते हैं...

माखीजा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर

Life begins here

माखीजा हॉस्पिटल, अग्रसेन चौक के पास, टेलीफ़ोन एक्सचेंज रोड, बिलासपुर (छ.ग.)

उपलब्ध सेवाएं - फर्टिलिटी जाँच • IUI • IVF • ICSI • लेज़र हैचिंग • ब्लास्टोसिस्ट • लेप्रोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • डोनर सर्विसेज

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## सीएम साय ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने छठ महापर्व त्यौहार के अवसर पर दुलदुला छठ घाट में डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर प्रदेश के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

## डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

रायपुर। जीवन की रोशनी और ऊर्जा का प्रतीक छठ महापर्व आस्था और श्रद्धा के बीच देशभर में उत्साह से मनाया गया। महादेव घाट समेत राजधानी के प्रमुख तालाबों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। व्रती महिलाएं और पुरुष पारंपरिक परिधान में सिर पर टोकरी और हाथों में पूजा सामग्री लेकर घाट पर दिखे। रायपुर के अलावा बिलासपुर, भिलाई, दुर्ग और अन्य शहरों के छठ घाटों पर व्रती महिलाओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया।







inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### अयोध्या में पूरा हुआ मंदिर का निर्माण

**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सोमवार को कहा कि मंदिर निर्माण सबंधी सभी कार्य पूर्ण हो गए हैं। ट्रस्ट ने अपने आधिकारिक "एक्स" पेज पर एक पोस्ट में कहा, सभी श्रीरामभक्तों को यह जानकारी देते हुए हर्ष हो रहा है कि मंदिर निर्माण सबंधी सभी कार्य पूर्ण हो गए हैं। इसके पहले 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में राम मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की गई।



### किम जोंग से मुलाकात कर सकते हैं ट्रंप

**टोक्यो।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और नॉर्थ कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन जल्द मुलाकात कर सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि वे उनसे मिलने के लिए अपनी एशिया यात्रा को कुछ दिन और बढ़ा सकते हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि फिलहाल इस मुलाकात को लेकर कोई तय योजना नहीं है। सूत्रों ने बताया कि ट्रम्प प्रशासन के अधिकारियों ने निजी तौर पर दोनों नेताओं के बीच एक बैठक आयोजित करने पर चर्चा की है।



### बिना अनुमति सेंटर फॉर नरेंद्र मोदी स्टडीज, केस दर्ज

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने केंद्र सरकार या पीएमओ से अनुमति लिए बिना कथित तौर पर 'सेंटर फॉर नरेन्द्र मोदी स्टडीज' स्थापित और संचालित करने के आरोप में अलीगढ़ के एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने पीएमओ द्वारा दर्ज कराई गई उस शिकायत पर कार्रवाई की है जिसमें अलीगढ़ के एक वकील की शिकायत संलग्न करते हुए आरोप लगाया गया कि जसीम मोहम्मद बिना पूर्व अनुमति के यह केंद्र संचालित कर रहे हैं। जो संप्रतीक और नाम अधिनियम, 1950 का उल्लंघन है। पीएमओ के सहायक निदेशक से शिकायत प्राप्त होने के बाद, एजेंसी ने इस वर्ष अप्रैल में प्रारंभिक जांच शुरू की थी।




### आंध्र, ओडिशा, बंगाल में भारी बारिश का अलर्ट, केरल में दो की मौत

# चक्रवाती तूफान मोंथा ने आंध्र तट पर दी दस्तक 67 ट्रेनें रद्द, दक्षिण छत्तीसगढ़ में दिखेगा असर

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

*चक्रवात 'मोंथा' ने आंध्र प्रदेश के तट पर दस्तक दे दी है। मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी में बने दबाव को चक्रवात में बदलने की जानकारी दी है। ओडिशा, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है, जिससे 15 जिलों में असर पड़ने की संभावना है।*

मोंथा तेजी से पूर्वी तट की ओर बढ़ रहा है। ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में तेज बारिश और तूफान का खतरा बढ़ गया है।ओडिशा में 'रेड अलर्ट' जारी किया गया, जिसके मद्देनजर आठ दक्षिणी जिलों में हल्की बारिश के बीच राज्य सरकार संवेदनशील स्थानों से लोगों को निकाल रही है। केरल में भारी बारिश और तेज हवाओं से निचले इलाकों में पानी भर गया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई। चेन्नई और आसपास के तीन जिलों रानीपेट, तिरुवल्लूर और कांचीपुरम—में भी भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। वहीं पुडुचेरी और विल्लुपुरम में भी बारिश के आसार हैं। ओडिशा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने कहा कि अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा दीदी और अन्य लोग संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ▶▶ शेष पेज 6 पर

## अगले दो दिनों के लिए कई राज्यों में रेड अलर्ट

### पीएम मोदी ने सीएम चंद्रबाबू से की बात

पीएम नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू से बात की और हालात का जायजा लिया। आंध्र प्रदेश के कृष्णा, गुंटूर, बापटला और वेस्ट गोदावरी जिलों में अगले दो दिन भारी बारिश की संभावना है। इसके कारण सोमवार को स्कूल बंद रखे गए हैं।



### केरल में नाव पलटने से मछुआरे की मौत

इधर, केरल के अलप्पुझा जिले में तेज हवाओं के कारण अर्थुनकल तट के पास एक मछुआरे की नाव पलट जाने से उसकी मौत हो गई। मृतक का नाम पॉल देवासिया है जो अर्थुनकल का निवासी था। इस बीच, अंगमाली के निकट मुकनूर में आकाशीय बिजली गिरने से पश्चिम बंगाल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की पहचान कोखन मिस्त्री (45) के रूप में की है, जो एक कारखाने में काम करता था।

### इन जगहों पर भारी बारिश का अनुमान

- रायलसीमा, तमिलनाडु, केरल और माहे: 27–28 अक्टूबर
- तटीय कर्नाटक: 26–28 अक्टूबर
- तटीय आंध्र प्रदेश और यनम: 26–30 अक्टूबर
- तेलंगाना और ओडिशा: 27–30 अक्टूबर
- छत्तीसगढ़: 27–30 अक्टूबर

### इन जगहों पर होगा तूफान का असर

- आंध्र प्रदेश: काकिनाडा, विशाखापट्टनम, मछलीपट्टनम
- ओडिशा: गोपालपुर के पास असर
- तमिलनाडु: चेन्नई से दूर, लेकिन सतर्क रहने की सलाह

### मोंथा कब और कहां आएगा?

चक्रवात के ओडिशा के मलकानगिरी से लगभग 200 किमी. दूर आंध्र प्रदेश के काकीनाडा के पास पहुंचने 28 अक्टूबर की उम्मीद है। इस दौरान हवा की गति 100 किमी. प्रति घंटा रह सकती है। आने वाली आपदा का असर 15 जिलों पर पड़ेगा, जिनमें से आठ में बहुत ज्यादा बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। इसके अलावा, मोंथा चक्रवाती तूफान की वजह से आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में 27 से 30 अक्टूबर तक भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है।

### सीजेआई ने भेजा प्रस्ताव

# जस्टिस सूर्यकांत होंगे देश के अगले मुख्य न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधान न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई ने केंद्र सरकार से न्यायमूर्ति सूर्यकांत को अगला प्रधान न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। वर्तमान प्रधान न्यायाधीश गवई के बाद उच्चतम न्यायालय के दूसरे सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश, न्यायमूर्ति सूर्यकांत 24 नवंबर को देश के 53वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण कर सकते हैं। प्रधान न्यायाधीश गवई 23 नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे। सूत्रों के अनुसार इस साल 14 मई को प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण करने वाले न्यायमूर्ति गवई ने अगले प्रधान न्यायाधीश के रूप में ▶▶ शेष पेज 6 पर

### दो दशक का अनुभव



जल्द ही भारत के 53वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने वाले न्यायमूर्ति सूर्यकांत शीर्ष न्यायिक कार्यालय में जब बैठेंगे तो अपने साथ दो दशकों के अनुभव का खजाना भी लेकर आएंगे, जिसमें अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, बिहार मतदाता सूची संशोधन, पेगासस स्पाइवेयर मामला, भ्रष्टाचार और लैंगिक समानता पर ऐतिहासिक फैसले और आदेश शामिल हैं।

### वरिष्ठता के हिसाब सूची में पहले नंबर पर जस्टिस सूर्यकांत

न्यायमूर्ति सूर्यकांत भारत के मुख्य न्यायाधीश के बाद सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश हैं और भारतीय न्यायपालिका के प्रमुख बनने की कतार में अगले स्थान पर हैं। नियुक्ति के बाद, न्यायमूर्ति सूर्यकांत 24 नवंबर को अगले मुख्य न्यायाधीश बनेंगे और 9 फरवरी, 2027 तक लगभग 15 महीने तक इस पद पर बने रहेंगे।

## एआई से तैयार अश्लील तस्वीरों से ब्लैकमेल, छात्र ने की खुदकुशी

फोन हैक कर तैयार की तस्वीरें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

फरीदाबाद में अपनी और तीन बहनों की कृत्रिम मेधा (एआई) से तैयार अश्लील तस्वीरों और वीडियो के जरिए कथित तौर पर ब्लैकमेल किए जाने से परेशान 19 वर्षीय एक कॉलेज छात्र ने खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि परिवार की शिकायत पर रविवार को फरीदाबाद ओल्ड थाने में साहिल, नीरज और अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस के मुताबिक, डीएवी कॉलेज में बीकॉम द्वितीय वर्ष का छात्र राहुल अपने परिवार के साथ बसेलवा कॉलोनी में रहता था। उसने बताया कि राहुल ने एआई जनित अश्लील तस्वीरों और वीडियो के जरिये कथित तौर पर ब्लैकमेल किए जाने के कारण शनिवार को जहर ▶▶ शेष पेज 6 पर

### चैट से हुआ खुलासा

शिकायत के अनुसार, परिजनों को राहुल के मोबाइल फोन में साहिल नाम के एक व्यक्ति के साथ लंबी 'चैट' मिली, जिसमें उसने राहुल को फर्जी अश्लील तस्वीरें भेजकर उससे रुपए मांगे थे। मनोज ने यह भी कहा, साहिल के अलावा राहुल का एक परिचित युवक नीरज भारती भी इस मामले में शामिल हो सकता है।

### इधर, सुप्रीम कोर्ट ने छात्रों की आत्महत्या मामले में मांगा जवाब

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और आत्महत्या के मामलों से निपटने के लिए निर्धारित दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन के बारे में आठ सप्ताह के भीतर उसे सूचित करने को कहा। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने केंद्र को इन दिशानिर्देशों को लागू करने के लिए उठाए गए कदमों का विवरण देते हुए एक अनुपालन हलफनामा दाखिल करने के लिए आठ सप्ताह का समय भी दिया। यह पीठ 25 जुलाई के अपने फैसले में शीर्ष अदालत द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुपालन से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रही थी। उस फैसले में, शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया था कि सभी राज्य और ▶▶ शेष पेज 6 पर

## पंखे से लटका मिला 25 साल के अभिनेता का शव

**मुंबई।** मराठी मनोरंजन जगत से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। सिर्फ 25 साल की उम्र में अभिनेता सचिन चांदवडे ने खुद की जान ले ली है। महाराष्ट्र के पुणे में रहने वाले अभिनेता सचिन ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। यह घटना 23 अक्टूबर को हुई, जिसके बाद सचिन को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, परिवारवालों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उनकी हालत गंभीर हो चुकी थी। बाद में उन्हें ▶▶ शेष पेज 6 पर



सचिन ने की खुदकुशी

### इंजीनियर भी था सचिन

सचिन सिर्फ एक अभिनेता ही नहीं, बल्कि एक इंजीनियर भी थे। पुणे के आईटी पार्क में वे नौकरी करते थे, लेकिन अभिनय उनका असली जुनून था। बचपन से ही उन्हें मंच और कैमरे के सामने रहने की चाह थी। इसी जुनून ने उन्हें मराठी सिनेमा की ओर खींचा। धीरे-धीरे उन्होंने अपने अभिनय से लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

## सर्वेक्षण पोत 'इक्षक' नौसेना में होगा शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना को एक नई ताकत मिलने जा रही है। भारतीय नौसेना का स्वदेश निर्मित सर्वेक्षण पोत इक्षक छह नवंबर को नौसेना अड्डे पर नौसेना में शामिल किया जाएगा। सैन्य अधिकारी से सोमवार को मिली जानकारी के मुताबिक, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी इस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। पोत की यह



कमीशनिंग देश की जल सर्वेक्षण उत्कृष्टता और स्वदेशीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### असम में नए विधेयक की तैयारी, 25 को विस में होगा पेश

# एक से ज्यादा शादी की तो होगी सात साल की कैद!

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को कहा कि बहुविवाह के खिलाफ प्रस्तावित कानून में कम से कम सात साल की सजा होगी। उन्होंने 'मुख्य मंत्री निजुत मोइना' योजना के दूसरे चरण की शुरुआत के अवसर पर कहा कि यह विधेयक शीतकालीन सत्र के पहले दिन 25 नवंबर को विधानसभा में पेश किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल लाभार्थी लड़कियों को उन्होंने बताया, यदि कोई व्यक्ति अपनी पत्नी को कानूनी रूप से तलाक दिए बिना किसी अन्य महिला से विवाह करता है, तो उसके धर्म की परवाह किए बिना उसे सात वर्ष या उससे अधिक कारावास का प्रावधान होगा। मुख्यमंत्री ने पिछले सप्ताह ही घोषणा की थी कि आगामी विधानसभा सत्र में सरकार 'लव जिहाद' और बहुविवाह जैसे मुद्दों पर कई विधेयक पेश करेगी।



### धर्म की दलील नहीं चलेगी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि आरोपी कह सकता है कि उसका धर्म इसकी इजाजत देता है, लेकिन भाजपा सरकार कभी बहुविवाह की इजाजत नहीं देगी। शर्मा ने कहा, हम किसी भी कीमत पर इस राज्य में महिलाओं की गरिमा की रक्षा करेंगे।

### 'मुख्यमंत्री निजुत मोइना' योजना

असम सरकार ने पिछले वर्ष बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 'मुख्य मंत्रीर निजुत मोइना' योजना शुरू की थी, जिसके तहत कक्षा 11 की छात्राओं को 1,000 रुपए, स्नातक प्रथम वर्ष की छात्राओं को 1,250 रुपए, स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष तथा बीएड छात्राओं को 2,500 रुपये 10 महीने के लिए मासिक वित्तीय सहायता प्रदान की गयी थी। शर्मा ने कहा, इस योजना के कारण, नामांकन दर में वृद्धि हुई है। लड़कियों की स्कूल छोड़ने की दर में पिछले वर्ष की तुलना में काफी कमी आई है। इस वर्ष कुल 3.5 लाख लड़कियों को इस योजना का लाभ मिलेगा।



### आरजेडी में पूर्व विधायकों समेत 27 नेताओं की छुट्टी

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के बीच आरजेडी ने बड़ा ऐक्शन लिया है। राजद ने पार्टी विरोधी आचरण करने के आरोप में 27 नेताओं को दल से निष्कासित कर दिया है। जिसमें पूर्व विधायक और पूर्व विधान पार्षद शामिल हैं। प्रदेश राजद अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल की ओर से इस आशय का पत्र जारी किया गया है। पत्र में कहा गया है कि निष्कासित नेता या तो निर्दलीय उम्मीदवार बनकर चुनावी मैदान में है या वे महागठबंधन के उम्मीदवार के खिलाफ आचरण कर रहे हैं। सभी को 6 साल के लिए निष्काषित किया गया है।

## चिंतन

# भारत के महायुद्ध अभ्यास से क्यों डर गया पाकिस्तान

बात-बात पर परमाणु बम की धमकी देने वाले पाकिस्तान को असल में पता है कि भारत के सामने उसकी औकात कितनी है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ही साफ हो गया कि वो दुनिया की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था भारत के सामने युद्ध में 48 घंटे भी खड़ा नहीं रह सकता है, लेकिन उसके हुकूमरान हैं कि अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आते। ऑपरेशन सिंदूर में करारी हार मिलने के बावजूद पाक ने यह दिखाने का प्रयास किया कि वह जीत रहा था। भारत को युद्ध रोकने के लिए मनाने के लिए पहले अमेरिका के समक्ष गुहार लगाने और फिर भारतीय डीजीएमओ से युद्ध की प्रार्थना करने वाले पाक ने युद्ध खत्म होते ही सेना प्रमुख आसिम मुनीर को फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत करके यह दर्शाने का प्रयास किया कि हम जीत रहे थे। असल में पाक नेताओं की ये मजबूरी भी है। वो आवाम को भ्रम में रखते हैं और हमेशा से यह प्रयास करते हैं कि किसी भी तरह से भारत विरोध के सहारे अपनी सियासत को जिंदा रखा जाए, लेकिन सच वो भली-भांति जानते हैं। तभी तो पाकिस्तान इन दिनों भारत के महायुद्धाभ्यास के ऐलान से इतना डरा हुआ है कि उसने कराची से लाहौर तक हवाई यातायात का पूरा रास्ता ही बदल दिया। कई रास्तों को उड़ानों के लिए बंद कर दिया और उनकी जगह पर नए रास्तों को खोला है, जो पहले की अपेक्षा काफी घुमावदार और लंबे हैं। माना जा रहा है कि पाकिस्तान को डर है कि भारत नागरिक हवाई यातायात की आड़ में उसके सैन्य ठिकानों पर हमले कर सकता है। हवाई मार्ग में बदलाव का यह ऐलान पाकिस्तान एयरपोर्ट अथॉरिटी ने किया है। कहा गया है कि हवाई यातायात की निरंतर सुरक्षा और प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए 28 अक्टूबर से कराची और लाहौर उड़ान क्षेत्रों के लिए कुछ मार्गों में बदलाव किया है। पीएए से जारी एक नोटम में बताया गया है कि 28 अक्टूबर को सुबह पांच बजकर एक मिनट पर पाकिस्तान के समयानुसार से प्रभावी होंगे और बुधवार, 29 अक्टूबर को सुबह नौ बजे पाकिस्तान समयानुसार तक लागू रहेंगे। राजस्थान में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर 12 दिन अब तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास होगा। आर्मी, एयरफोर्स और नौसेना के 30,000 जवान थार में संयुक्त अभ्यास करेंगे। अभ्यास की शुरुआत 30 अक्टूबर से होगी, जो 10 नवंबर तक चलेगी। इस युद्धाभ्यास के दौरान सीमा के कुछ क्षेत्र में वाणिज्यिक उड़ानों के मार्ग में बदलाव हो सकता है। युद्धाभ्यास जैसलमेर से लेकर गुजरात के सर क्रीक तक होगा। कहा तो यह भी जा रहा है कि पाकिस्तान इस सैन्य अभ्यास के जवाब में जल्द ही कोई मिसाइल टेस्ट करने की तैयारी में है, ताकि पाक आवाम को दिखाया जा सके भी वो भी तैयारी कर रहे हैं, जबकि सच यह है कि पाक के आर्थिक हालात यह हैं कि विदेशी मुद्रा कोष खाली हो रहा है। लगातार आईएमएफ से उधार मांगकर देश को दिवालिया होने से बचाया जा रहा है। इसके बावजूद पाक हुकूमरान अपनी हरकतों से बाज नहीं आते। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 26 लोगों की हत्या के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच मई में संघर्ष हुआ था, जिसके बाद से पाक ने कई बार भारतीय एयरलाइनों के अपने हवाई क्षेत्र से उड़ान भरने पर प्रतिबंध का दायरा बढ़ाया, क्योंकि दोनों देश राजनीतिक तनाव के कारण एक-दूसरे की वाणिज्यिक उड़ानों को अवरुद्ध करते रहते हैं। अब पाक को लग रहा है कि अगर भारत के सामने किसी भी तरह का दुःसाहस किया जो उसके नतीजे खतरनाक होंगे।

## हालात
प्रशांत कुमार



# निर्भया के बाद भी अधूरी ही रही न्याय की लड़ाई

16 दिसंबर 2012 को देश की राजधानी दिल्ली की एक सर्द रात। एक चलती बस में हुई एक ऐसी दिल दहला देने वाली घटना, जिसने पूरे देश को हिला दिया। कुछ दरिंदों ने सामूहिक बलात्कार कर न केवल इंसानियत को शर्मसार किया, बल्कि देश की कानून-व्यवस्था और समाज की सोच पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए। यह मामला इतिहास में निर्भया कांड के नाम से दर्ज हुआ। इस शर्मनाक घटना के बाद भारत में यौन अपराधों की परिभाषा और कानूनी ढांचे में पूरी तरह बदलाव किया गया। 2012 तक देश में बलात्कार की परिभाषा काफी संकीर्ण थी। पहले के कानून के मुताबिक किसी भी महिला के साथ संबंध स्थापित न होने पर उसे रेप नहीं माना जाता था, लेकिन निर्भया केस के बाद ये साफ हो गया कि महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की परिभाषा को कहीं ज्यादा व्यापक बनाने की जरूरत है। देशभर से इसकी मांग भी उठने लगी। निर्भया को न्याय दिलाने और दोषियों को फांसी देने के लिए देशव्यापी जोरदार प्रदर्शन हुए। निर्भया केस के बाद सरकार और संसद ने भी माना कि कानून में बदलाव कर कठोर कदम उठाने की दरकार है। इसके लिए आपराधिक कानूनों में संशोधन किया गया और आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2013 लाया गया। इस अधिनियम के तहत भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में बदलाव किए। आईपीसी की कई धाराओं में संशोधन कर रेप की परिभाषा का दायरा बढ़ाया गया। किसी भी महिला के साथ गलत तरीके से छेड़छाड़, आपत्तिजनक स्पर्श, एसिड अटैक, पीछा करना और किसी भी रूप में यौन शोषण को भी रेप की श्रेणी में शामिल किया गया। दोषी को मृत्युदंड देने तक का प्रावधान किया गया, जिससे समाज में भय पैदा हो सके। निर्भया केस के बाद एक और बड़ी बहस शुरू हो गई, कि क्या नाबालिग अपराधियों को भी व्यस्क की तरह सज़ा मिलनी चाहिए? ये बहस इसलिए शुरू हुई, क्योंकि निर्भया कांड के दोषियों में एक नाबालिग था। जब बहस ने जोर पकड़ा, तो सरकार ने संसद में जुवेनाइल जस्टिस बिल पेश किया, जिसे 22 दिसंबर 2015 को संसद ने पारित कर दिया। इसके तहत, अगर कोई किशोर जो 16 से 18 साल की उम्र का है और कोई जघन्य अपराध करता है, तो उसे व्यस्क मानकर उसके खिलाफ मुकदमा चलाया जाएगा। दोषी साबित होने पर उसे वयस्क की तरह ही सजा मिलेगी। तो आज भारत में महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर बेहद ही कड़े कानून हैं, लेकिन आज भी अपराधों में कोई कमी नजर नहीं आती। दुष्कर्म के मामलों में कठोर कानूनी प्रावधानों के बावजूद आरोपियों को सजा दिलाने में न्याय व्यवस्था प्रभावी साबित नहीं हो रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 2023 की रिपोर्ट इस सच्चाई की गवाही देती है। आंकड़ों के अनुसार, दुष्कर्म के मामलों में अदालत से पांच में से केवल एक आरोपी को ही सजा मिली, जबकि चार बरी हो गए। हालांकि हत्या जैसे गंभीर अपराधों में दोष साबित करने का प्रतिशत बेहतर रहा, जहां करीब तीन में से दो आरोपियों को सज़ा सुनाई गई।

अब सवाल उठता है कि क्या सिर्फ कठोर कानून बना देने से ही अपराध रुक जाएंगे? जब 96 फीसदी मामलों में आरोपी पहचान वाला होता है, तो समाज की सोच में बदलाव कैसे लाया जाए? न्यायिक प्रक्रिया इतनी धीमी क्यों है कि पीड़ित पक्ष वर्षों तक न्याय की राह देखता रह जाता है? क्या हमें कानून की सख़्ती से आगे बढ़कर न्यायिक व्यवस्था में सुधार और सामाजिक मानसिकता में बदलाव की दिशा में काम नहीं करना चाहिए? निर्भया कांड के बाद उम्मीद थी कि भारत में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और अपराधियों में भय पैदा होगा, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि हालात बहुत नहीं बदले हैं। हर 20 मिनट में एक महिला दुष्कर्म की शिकार होती है। यह समाज और सरकार दोनों के लिए बेहद शर्मनाक स्थिति है। देखा जाए तो कानून जरूरी है ही, लेकिन केवल कानून बना देना ही काफी नहीं है। आज ज़रूरत है तेज़ और प्रभावी न्यायिक प्रक्रिया की है, जिससे पीड़ित को जल्दी से जल्दी न्याय मिल सके। पीड़िता के प्रति संवेदनशील पुलिस तंत्र की व्यवस्था भी बेहद जरूरी है। सबसे अहम है, समाज की मानसिकता में बदलाव। महिलाओं की सुरक्षा केवल उनका मुद्दा नहीं, बल्कि पूरे समाज की गरिमा और सभ्यता का सवाल है। जब तक समाज अपराधी मानसिकता को ठुकराएगा नहीं, तब तक कठोर से कठोर कानून भी कारगर नहीं होंगे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

विडंबना यह कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत मतदाता केवल चुनावी प्रक्रिया का अंग होता है, मतदान के बाद मतदाता की भूमिका इस व्यवस्था में शून्य परिलक्षित होता है। अब्राहम लिंकन ने लोकतंत्र को 'जनता का, जनता के लिए और जनता द्वारा शासन' परिभाषित किया है। इस लिहाज से लोकतंत्र में जनता ही सत्ताधारी होता है और उसकी अनुमति से शासन होता है, जनता की प्रगति ही शासन का एकमात्र लक्ष्य होता है परंतु हकीकत इससे कोसों दूर है।

# लोकतंत्र का मतलब सिर्फ चुनाव ही नहीं है

देश के एक बड़े राज्य बिहार में विधानसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। विभिन्न राजनीतिक दल और उम्मीदवार मतदाताओं को रिझाने के लिए बड़े-बड़े वादे और दावे कर रहे हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देश में कोई भी बदलाव सिर्फ चुनाव के जरिए ही संभव है जिसके केंद्र में मतदाता यानि आम आदमी होता है। दरअसल चुनाव ही लोकतंत्र की आत्मा है जो सत्ता की दशा और दिशा तय करती है। इन चुनावों में मतदाता ही किसी राजनीतिक दल या प्रत्याशी का भाग्य विधाता होते हैं। अमूमन हर राजनीतिक दल चुनावों के दौरान मतदाताओं को रिझाने के लिए मुफ्त चुनावी रेवड़ियां बांटते हैं। हालांकि इन रेवड़ियों का खामियाजा बाद में आम जनता को ही चुकाना पड़ता है। मुफ्त योजनाओं पर होने वाले भारी-भरकम खर्च के बोझ के चलते शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी कल्याणकारी योजनाएं ठंडे बस्ते में चली जाती है जिसका सर्वाधिक असर युवाओं और मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ता है। विडंबना यह कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत मतदाता केवल चुनावी प्रक्रिया का अंग होता है, मतदान के बाद मतदाता की भूमिका इस व्यवस्था में शून्य परिलक्षित होता है। अब्राहम लिंकन ने लोकतंत्र को 'जनता का, जनता के लिए और जनता द्वारा शासन' परिभाषित किया है। इस लिहाज से लोकतंत्र में जनता ही सत्ताधारी होता है और उसकी अनुमति से शासन होता है, जनता की प्रगति ही शासन का एकमात्र लक्ष्य होता है परंतु हकीकत इससे कोसों दूर है।

गौरतलब है कि भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है जिसकी उम्र पचहत्तर बरस से ज्यादा हो चुकी है। आजादी के इस अमृतकाल में यह विचार मंथन जरूरी है कि क्या देश का लोकतंत्र अपने बुनियादी लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब हो पाया है? लोकतंत्र में लोक यानि आम आदमी की भूमिका कितनी है? क्या भारतीय लोकतंत्र बीते दशकों में आम आदमी को वह मौलिक अधिकार और समान अवसर उपलब्ध करा सका है जिसका जिक्र हमारे संविधान में है? क्या देश में अभिव्यक्ति और असहमति का मौलिक अधिकार अब सत्ता प्रतिष्ठान के मुट्ठियों में कैद होने लगा? इन सवालों का जवाब देश को ढूंढना ही होगा आखिरकार यह देश के भविष्य से जुड़ा मसला है। विचारणीय है कि भारत की चुनाव प्रक्रिया आज भी निष्पक्ष और पारदर्शी नहीं बन सकी है फलस्वरूप चुनावों के प्रति आम जनता का मोहभंग होने लगा है। हालांकि इसके लिए चुनाव आयोग, राजनीतिक दल और खुद मतदाता ही जिम्मेदार हैं।

चुनाव को लोकतंत्र का महापर्व कहा जाता है जिसमें जनता संसद और विधानसभाओं के लिए अपना प्रतिनिधि चुनती है। आज हर राजनीतिक दल ऐन-केन प्रकारेण सत्ता हासिल करने के तमाम हथकंडे अपना रही है जिससे लोकतंत्र के मंदिर यानि संसद और विधानसभाओं की मर्यादा खंडित हो रही है। सियासी दल और उम्मीदवार चुनावों का रुख



अपनी ओर मोड़ने धर्म, जाति, क्षेत्रवाद और भाषावाद का कार्ड खेल रहे हैं। राजनीति और चुनाव में परिवारवाद, धनबल और बाहुबल लोकतंत्र की साख पर बट्टा लगा रहे हैं इन परिस्थितियों के लिए जिम्मेदार वे मतदाता भी हैं जो मजहबी और जातिगत भावनाओं के ज्वार में अथवा मुफ्तखोरी के लालच या भय में उन्हें वोट कर रहे हैं। विडंबना यह कि चुनाव के समय राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा किए गए अधिकांश वादे सत्ता पर काबिज होने के बाद या तो भूला दिए जाते हैं अथवा वे आश्वासन की भेंट चढ़ जाते हैं। इन परिस्थितियों में जनता अपने आपको छला हुआ महसूस करती है लेकिन तब सत्ता के नक्कारखाने में उनकी आवाज सुनने वाला कोई नहीं होता है। जबकि लोकतंत्र में नागरिकों की सहभागिता केवल चुनावों के दौरान ही नहीं होना चाहिए बल्कि उसका दखल सरकार के हर फ़ैसलों पर दृष्टिगोचर होना चाहिए।

लोकतान्त्रिक व्यवस्था में जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों का दायित्व होता है कि वे संसद और विधानसभाओं में आम नागरिकों के आकांक्षाओं के अनुरूप नीतियां और योजनाएं बनाएं। विडंबना है कि हमारी राजनीतिक व्यवस्था पूरी तरह से धर्म और जाति पर निर्भर हो चुकी है तथा आम आदमी के बुनियादी मसले हाशिए पर हैं। संसद और विधानसभाएं जन-सरोकारों के प्रति उदासीन नजर आ रही हैं तथा इनकी बैठकें सिर्फ हंगामे की भेंट चढ़ रही है। विचारणीय है कि संसद और विधानसभाओं की बैठकों में होने वाला एक - एक मिनट का खर्च आम आदमी के जेब से व्यय हो रहा है। बेशक इन परिस्थितियों के लिए सत्ता और विपक्ष दोनों जवाबदेह हैं। देश का आम आदमी, मजदूर, किसान महंगाई, बेरोजगारी, अशिक्षा, भुखमरी,गरीबी, बीमारी और प्रदूषण जैसी त्रासदी से जूझ रहा है लेकिन लोकतंत्र के मंदिर में सत्ता और विपक्ष के पास इन मुद्दों पर बहस - मुबाहिसों के लिए समय ही नहीं है। सोचनीय है कि विपक्ष अपनी भूमिका सिर्फ विरोध, हंगामे और बहिर्गमन तक ही सीमित कर चुकी है जबकि उसका दायित्व सरकार को रचनात्मक सुझाव देना भी है। दूसरी ओर सत्ता पक्ष की भी जवाबदेही है कि वह सदन की कार्रवाई चलाने में विपक्ष की भी आवाज को तवज्जो दे।

बहरहाल वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में देखें तो लोकतंत्र में जनता की भूमिका सिर्फ चुनाव में वोट करने तक ही सिमटती नजर आ रही है जबकि इस व्यवस्था के केंद्र में 'लोक' यानि आम जनता की ही होना चाहिए। बीते कुछ दशकों के दौरान सत्ता प्रतिष्ठान जनसमस्याओं के प्रति उदासीन या निरंकुश नजर आ रहा है। इन परिस्थितियों में जनता के पास क्या विकल्प है? बेशक इसका विकल्प 'राइट टू रिकॉल' यानि जनप्रतिनिधियों को उनके कार्यकाल के बीच वापस बुलाने की व्यवस्था है। यह प्रक्रिया अभी देश के कुछ राज्यों के नगरीय निकायों और पंचायती राज व्यवस्था में ही है लेकिन संसद और विधानसभा में यह लागू नहीं है। निः संदेह इस व्यवस्था से जहां राजनीतिक दल और निर्वाचित जन प्रतिनिधि जनता के प्रति जवाबदेह बनेंगे वहीं भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा तथा जनता भी अपने अधिकारों और शक्ति के प्रति जागरूक होंगे। हालांकि इस व्यवस्था में अभी अनेक राजनीतिक और कानूनी अड़चनें हैं वहीं इससे राजनीतिक अस्थिरता भी पैदा होने का खतरा बना रहेगा। बहरहाल वर्तमान समस्याओं के मद्देनजर हमारे राजनीतिक व्यवस्था को सही मायने में लोकतांत्रिक और समावेशी बनाना होगा तभी भारत का लोकतंत्र मजबूत, जीवंत और जनोन्मुखी होगा।


# प्रसन्न रहने की शुरुआत घर से हो



संकलित
दर्शन

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रसन्न रहने की शुरुआत अपने घर से ही होनी चाहिए। हम बाहर तो बहुत खुश रहते हैं, लेकिन घर में अकारण क्रोध से भरे रहते हैं। सभी लोग, खासतौर पर युवा इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें घर में भी प्रसन्न रहना है। युवाओं को यह बात याद रहे, इसलिए एक नया मंत्र दे रहा हूं। वे घर और परिवार में भी शांति रखें। कई लोग बाहर से घर में आते ही क्रोधित हो जाते हैं। वे अकारण गुस्सा कर घर वालों को मायूस कर देते हैं। यह हत्या कर देने जैसा अपराध है। मुश्किल यह है कि ये लोग अपनी कमी को मानते भी नहीं। कम से कम वे यह मान लें कि उसमें यह कमी है तो कभी न कभी वह कमी दूर भी की जा सकती है। लंका में कोई मानता ही नहीं था कि वहां कोई रोगी है। परिणाम सबके सामने है। जो माने ही नहीं कि अस्वस्थ है, वह स्वस्थ कैसे हो सकता है? एक और मंत्र याद रखें-छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें। व्यर्थ विवाद में मत उलझें। बात-बात में उलझने की आदत से अशांति ही पैदा होती है। सच्ची प्रसन्नता चाहिए तो इधर-उधर की बातें सुनना ही छोड़ दें। अस्तित्व के संगीत को सुनने की कोशिश करें। याद रखें, जिसे प्रसन्न रहना है, उसे कोई रोक नहीं सकता और जिसे दुखी ही रहना है, उसे कोई प्रसन्न नहीं कर सकता। कुछ लोगों को प्रसन्न रहना ही नहीं है। वे परेशान और दुखी होने के बहाने खोजते रहते हैं। इस आदत को बदलने की कोशिश ईमानदारी के साथ की जानी चाहिए।

# प्रत्येक वस्तु पर हमारा ही अधिकार हो?



संकलित
प्रेरणा

एक राजा ने यह घोषणा करवा दिया कि कल सुबह जब मेरे महल का मुख्य दरवाज़ा खोला जायेगा तब जिस व्यक्ति ने भी महल में जिस वस्तु या जीव को हाथ लगा दिया वह वस्तु या जीव उसकी हो जाएगी। कुछ लोग कहने लगे मैं तो सोने को हाथ लगाऊंगा, कुछ लोग चांदी को तो कुछ लोग कीमती जेवरात को, कुछ लोग घोड़ों को तो कुछ लोग हाथी को, कुछ लोग दुधारू गाय को हाथ लगाने की बात कर रहे थे। जब सुबह महल का मुख्य दरवाजा खुला और सब लोग अपनी अपनी मनपसंद वस्तु या जीवों के लिये दौड़ने लगे। सबको इस बात की जल्दी थी कि पहले मैं अपनी मनपसंद वस्तु या जीव को हाथ लगा दूँ ताकि वह वस्तु या जीव हमेशा के लिए मेरी हो जाए। राजा अपनी जगह पर बैठा सबको देख रहा था और अपने आस-पास हो रही भाग दौड़ को देखकर मुस्कुरा रहा था। उसी समय उस भीड़ में से एक व्यक्ति राजा की तरफ बढ़ने लगा और धीरे-धीरे चलता हुआ राजा के पास पहुंच कर उसने राजा को छू लिया। राजा को हाथ लगाते ही राजा उसका हो गया और राजा की हर वस्तु भी उसकी हो गयी। जिस तरह राजा ने उन लोगों को मौका दिया और उन लोगों ने गलतियां की। ठीक इसी प्रकार सारी दुनियाँ के कर्ता प्रभु भी हम सबको प्रत्येक दिन अवसर देते हैं, लेकिन हम लोग भी प्रत्येक दिन वही गलतियां करते रहिते हैं। हम प्रभु को पाने की बजाए उस परमपिता की बनाई हुई दुनियां की चीजों की कामना करते हैं। लेकिन कभी भी हम लोग इस बात पर गौर नहीं करते कि क्यों न दुनियां के बनाने वाले प्रभु को पा लिया जाए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आपत्तिजनक कंटेंट नहीं देख पाएंगे किशोर

डिजिटल युग में सोशल मीडिया आज जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं किशोर, जिनकी सोच, मनोवृत्ति और व्यवहार अभी विकसित हो ही रहे हैं। सोशल मीडिया की चकाचौंध में खोए किशोरों के लिए यह प्लेटफॉर्म कभी-कभी सीख का माध्यम तो बनता है, परंतु कई बार यह मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक असंतुलन का कारण भी बन जाता है। इन्हीं चिंताओं को देखते हुए इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा ने एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने घोषणा की है कि अब 18 वर्ष से कम आयु के किशोर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आपत्तिजनक या अनुचित कंटेंट नहीं देख पाएंगे। यह फैसला केवल तकनीकी नहीं बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। *-संदीप शुक्ला, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# माली में ईंधन संकट के कारण स्कूल बंद

माली सरकार ने देशभर के स्कूलों और विश्वविद्यालयों को रविवार से बंद करने की घोषणा की है। यह फैसला ईंधन की कमी के कारण लिया गया है, जो जिहादी उग्रवादियों द्वारा राजधानी में ईंधन आयात पर नाकेबंदी के चलते उत्पन्न हुई है। शिक्षा मंत्री अमादू सई सवाने ने सरकारी टेलीविजन पर बताया कि ईंधन आपूर्ति बाधित होने से स्कूल कर्मचारियों के आवागमन पर असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि कक्षाएं दो सप्ताह के लिए निलंबित रहेंगी। अल-कायदा समर्थित संगठन जमात नुसरत अल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन (जेएनआईएम) ने सितंबर की शुरुआत में पड़ोसी देशों से माली में ईंधन आयात पर रोक लगाने की घोषणा की थी। इस प्रतिबंध से माली की नाजुक अर्थव्यवस्था पर भारी असर पड़ा है और सैकड़ों ईंधन ट्रक सीमाओं पर फंसे हुए हैं। माली, बुर्किना फासो और नाइजर पिछले कई वर्षों से सशस्त्र समूहों की हिंसा से जूझ रहे हैं जिनमें अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट से जुड़े गुटों के साथ-साथ स्थानीय विद्रोही भी शामिल हैं। हाल के वर्षों में तीनों देशों में सैन्य तख्तापलट के बाद फ्रांसीसी बलों को निष्कासित कर दिया गया और सुरक्षा सहयोग के लिए रूस के भाड़े के सैनिकों की मदद ली गई। हालांकि विश्लेषकों का कहना है कि इससे स्थिति में खास सुधार नहीं हुआ है।



## ऑफ बीट


# क्या आप किसी चीज को खत्म करने के लिए परेशान हैं?



हम सभी जीवन में हर काम का समापन या उसका समय पर पूरा होना (क्लोजर) चाहते हैं। किसी रिश्ते का अंत, अचानक नौकरी छूटना या किसी प्रियजन की मृत्यु हमारे मन में कई सवाल पैदा कर देती हैं जिनके जवाब पाने के लिए हम बेचैन हो जाते हैं। युद्ध, प्राकृतिक आपदाएं या सामूहिक त्रासदियां भी इसी तरह की भावना जगाती हैं। हमारी 'क्लोजर' पाने की चाह इतनी गहरी है कि यह फिल्मों, उपन्यासों, गीतों और हमारे रोजमर्रा के वाक्यों जैसे 'आगे बढ़ना' या 'भूल जाना' में झलकती है। लेकिन वास्तव में किसी चीज का अंत इतना आसान नहीं है। कई बार यह कभी पूरी तरह नहीं होता। जब ऐसा होता है, तो अधूरे अनुभव हमारे भीतर बोझ बन जाते हैं, जिससे हमारा मूड, स्वास्थ्य, पहचान और रिश्ते प्रभावित होते हैं। ऐसे अनिश्चित समय में यह सीखना जरूरी है कि अधूरे या अनसुलझे अनुभवों के साथ कैसे जिया जाए।'क्लोजर' क्या है और यह क्यों जरूरी है? 'क्लोजर' वह मानसिक शांति है जब कोई पीड़ादायक या उलझन भरा अनुभव इतना सुलझ जाता है कि वह अब हमें उस पर मानसिक या भावनात्मक ऊर्जा लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। यह वह बिंदु है जब कोई घटना समझ में आ चुकी होती है और अब हमें परेशान नहीं करती।

## ट्रेंड

### उपासना का अवसर



महापर्व छठ पूजा के पावन अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई देती हूं। यह त्योहार सूर्यदेव और छठी मैया की उपासना करने का अवसर है। यह पर्व सभी के जीवन में सुख-समृद्धि का संचार करे तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करे।
-द्रोपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### नया सीड एक्ट



घटिया बीज, खाद और कीटनाशक देने वालों के खिलाफ कड़ा कानून जरूरी है। हम नया सीड एक्ट ला रहे हैं, ताकि हर किसान तक गुणवत्तापूर्ण बीज पहुंच सके। यह उन लोगों को खिलाफ होगा जो किसानों को घटिया बीज देकर अपनी जेब भर रहे हैं।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री

### बैलगाड़ी वाली एंबुलेंस



एंबुलेंस को 'बुल'ऐंस बना दिया है। उप्र में एंबुलेंस की जगह बैलगाड़ी चलने लगी हैं। क्या ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बैलगाड़ी खींचेगी। अगर न दिखाई दे तो दिल्ली की दूरबीन का सदुपयोग कर लें। स्वास्थ्य मंत्री महोदय नामपट्टिका तक सीमित हैं।
-अखिलेश यादव, सपा नेता

### स्वस्थ करती प्रकृति



प्रकृति हमेशा स्वस्थ करती है, तरोताज़ा करती है, पुनर्जीवित करती है और आपके दिलो-दिमाग में बजते कुछ पुराने हिंदी फिल्मी गाने दुनिया की सबसे जादुई गली में और भी जादू भर देते हैं।
-अनुपम खेर, अभिनेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# हाइलो ओपन में भारत के सामने कड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶| मसारब्रूकेन (जर्मनी)

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को मंगलवार से शुरू हो रहे 475,000 डॉलर इनामी हाइलो ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के पहले दौर में ही कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। पुरुष एकल में 2021 के विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन का मुकाबला फ्रांस के पांचवें वरीय क्रिस्टो पोपोव से, जबकि आयुष शेट्टी का डेनमार्क के विक्टर लाई से होगा। किदाम्बी श्रीकांत हमवतन किरण जॉर्ज से भिड़ेंगे, जबकि एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यन का सामना मलेशिया के लियोंग जुन हाओ से और मकाऊ ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनलिस्ट थारुण मन्नेपल्ली का मुकाबला इंडोनेशिया के दूसरे वरीय जोनाथन क्रिस्टी से होगा।



## महिला एकल में अनमोल का सामना जूली डावाल से

महिला एकल में अनमोल खरब का सामना डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसेन से जबकि उभरती हुई शटलर उन्नति हुड्डा का मुकाबला ब्राजील की जुलियाना वियाना विएरा से होगा। अनुपमा उपाध्याय का मुकाबला यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से जबकि रक्षिता श्री संतोष रामराज का सामना स्पेन की क्लारा अजुरमेंडी से होगा। इस महीने की शुरुआत में अल ऐन मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतने वाली श्रेयांशी वलीशेट्टी का पहला मुकाबला डेनमार्क की तीसरी वरीयता प्राप्त लाइन होजमार्क केजर्सफेल्ड से होगा। आकर्षि कश्यप अपने अभियान की शुरुआत तुर्की की नेस्लिहान एरिन के खिलाफ करेंगी। तान्या हेमंत का सामना चीनी ताइपे की चौथी वरीयता प्राप्त लिन हिसयांग ती से होगा। पुरुष युगल में पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक के की भारतीय जोड़ी अपने पहले दौर में क्रिस्टो और टोमा जूनियर पोपोव की फ्रांसीसी जोड़ी से भिड़ेगी। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गाडे का सामना पहले दौर में कनाडा के जोनाथन बिंग त्सान लाइ और क्रिस्टल लाइ से होगा।

# मौजूदा सत्र के किसी टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगी सिंधू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने यूरोपीय चरण से पहले पैर में लगी चोट से पूरी तरह उबरने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 2025 के सत्र की बाकी बची बीडब्ल्यूएफ टूर प्रतियोगिताओं से हटने का फैसला किया है। हैदराबाद की 30 वर्षीय शटलर ने कहा कि यह निर्णय उनकी सहयोगी टीम और चिकित्सा विशेषज्ञों से परामर्श करने के बाद लिया गया। इन चिकित्सा विशेषज्ञों में प्रसिद्ध खेल हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनशॉ पारदीवाला भी शामिल हैं।




## बीडब्ल्यूएफ टूर प्रतियोगिताओं से हटना अच्छा होगा

सिंधू ने कहा, 'अपनी टीम के साथ विचार विमर्श करने और डॉक्टर पारदीवाला से सलाह लेने के बाद हमने महसूस किया कि मेरे लिए 2025 में शेष सभी बीडब्ल्यूएफ टूर प्रतियोगिताओं से हटना सबसे अच्छा होगा।' उन्होंने कहा, 'यूरोपीय चरण से पहले मेरे पैर में जो चोट लगी थी वह अभी तक पूरी तरह से ठीक नहीं हुई है। चोट लगना किसी भी खिलाड़ी के करियर का अहम हिस्सा होता है हालांकि इसे स्वीकार करना आसान नहीं होता है। इस तरह की परिस्थितियां आपके धैर्य की परीक्षा लेती हैं और आपको मजबूत होकर वापसी करने के लिए प्रेरित भी करती हैं।' पिछले साल पेरिस ओलंपिक में शुरुआती दौर में बाहर होने के बाद यह साल भी सिंधू के लिए अच्छा नहीं रहा। वह कई प्रतियोगिताओं के पहले दौर में बाहर हो गई और इस दौरान एक भी खिताब नहीं जीत सकी।

## रणजी ट्रॉफी के इतिहास का छठी सबसे तेज सेंचुरी

# पृथ्वी ने ठोका सबसे तेज दोहरा शतक पारी में लगाए 5 छक्के और 29 चौके

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पृथ्वी शॉ ने रणजी ट्रॉफी में बल्ले से धमाका कर दिया है। इस बैटर ने महाराष्ट्र के लिए पहले शतक ठोका और फिर उसे दोहरे शतक में तब्दील कर दिया। शॉ ने चंडीगढ़ के खिलाफ ये कमाल किया। पहली पारी में शॉ सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हो गए थे।

इस दौरान महाराष्ट्र के पास 104 रन की लीड थी। लेकिन फिर दूसरी पारी में उन्होंने 72 गेंदों पर ये कमाल किया। इस तरह उन्होंने रणजी ट्रॉफी इतिहास का छठा सबसे तेज शतक ठोका। पृथ्वा शॉ हालांकि 156 गेंदों पर 222 रन बनाकर आउट हुए। पारी में उन्होंने 5 छक्के और 29 चौके लगाए। उनका विकेट अर्जुन आजाद ने लिया।

### दूसरा सबसे तेज दोहरा

इसके बाद कुछ समय के भीतर ही उन्होंने अपना दोहरा शतक पूरा कर लिया। शॉ ने सिर्फ 141 गेंदों पर अपना दोहरा शतक पूरा किया। रवि शास्त्री इस लिस्ट में सबसे आगे हैं, जिन्होंने 123 गेंदों पर दोहरा शतक लगाया है। वहीं 200 से भी कम गेंदों में दोहरा शतक लगाने वाले वो दूसरे बैटर हैं। पहले नंबर पर वीरेंद्र सहवाग हैं। शॉ ने शतक के बाद अगले 80 रन सिर्फ 54 गेंदों पर बना दिए। लंच तक वो 126 गेंदों पर 180 रन बनाकर खेल रहे थे और फिर 141 गेंदों पर अपना दोहरा शतक पूरा कर लिया।

### शॉ ने सिर्फ 141 गेंदों पर पूरा की डबल सेंचुरी



### डक के साथ की थी शुरुआत

शॉ पिछले हफ्ते केरल के खिलाफ पहली पारी में बिना खाता खोले ही आउट हो गए थे। लेकिन इसके बाद उन्होंने महाराष्ट्र के खिलाफ फिफ्टी ठोकी। शॉ ने 20 महीने बाद शतक का सूखा खत्म किया। इससे पहले उन्होंने मुंबई के लिए फरवरी 2024 में शतक ठोका था। शॉ टीम इंडिया में वापसी के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। पिछले साल फिटनेस और अनुशासन की दिक्कतों के चलते उन्हें मुंबई की टीम से ड्रॉप कर दिया गया था।

## यश धुल और दोसेजा के अर्धशतक दिल्ली की कुल बढ़त 329 रन की

**नई दिल्ली।** दिल्ली ने यश धुल की 59 गेंद में 70 रन की आकर्षक पारी और आयुष दोसेजा की 62 रन की नाबाद पारी से हिमाचल प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच के तीसरे दिन सोमवार को अपनी कुल बढ़त 329 रन तक पहुंचा दी। खराब रोशनी के कारण खेल जल्दी खत्म कर दिया गया। दिल्ली ने धुल और दोसेजा के बीच 19.3 ओवर में 125 रन की साझेदारी की बदौलत दूसरी पारी में 32 ओवर में चार विकेट पर 196 रन बना लिए। दिल्ली ने इससे पहले हिमाचल प्रदेश को पहली पारी में 297 रन पर समेट कर पहली पारी में 133 रन की बढ़त हासिल कर ली थी।



### सैनी ने 52 रन देकर लिए तीन विकेट

अनुभवी तेज गेंदबाज नवदीप सैनी ने 52 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि युवा मनी ग्रेवाल ने 47 रन देकर दो विकेट झटके। दिल्ली छह अंक हासिल करने की कोशिश में जुटी है, जिससे हो सकता है कि आखिरी दिन जीत दर्ज करने के लिए वह रात के स्कोर पर ही पारी घोषित कर दे। दूसरे सत्र में बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली ने तेजी से रन जुटाने के प्रयास में 53 रन तक तीन विकेट गंवा दिए। इसके बाद धुल और दोसेजा ने अच्छी साझेदारी निभाई।

## एशियाई यूथ खेल

# प्रीतिस्मिता ने बनाया विश्व रिकॉर्ड, जीता गोल्ड मेडल



एजेंसी ▶▶| मनामा

भारतीय भारोत्तोलक प्रीतिस्मिता भोई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई यूथ खेलों में विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने इन खेलों में देश को तीसरा स्वर्ण पदक दिलाया है।

प्रीतिस्मिता ने क्लीन एंड जर्क और कुल वजन में यूथ का विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 44 किलो भार वर्ग में 158 किलो वजन उठाते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने स्नैच में 66 और और क्लीन एंड जर्क में 92 किलो वजन उठाया। राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली प्रीतिस्मिता ने 150 किलो वजन उठाया।

प्रीतिस्मिता की स्नैच की दो लिफ्ट अगर विफल नहीं हुई होतीं तो उनका कुल वजन ज्यादा होता। स्नैच में वह पहली ही लिफ्ट में सफल हो सकीं, उन्होंने इसकी भरपाई क्लीन एंड जर्क में पूरी कर ली और 87, 90 और 92 की तीन लिफ्ट उठाईं।

### दो वर्ष की आयु में पिता को खोया

मोदीनगर में भारतीय टीम के मुख्य प्रशिक्षक विजय शर्मा के संरक्षण में तैयारियां कर रहीं प्रीतिस्मिता जब दो वर्ष की थीं तब उनके पिता का निधन हो गया था। उनका और उनकी बड़ी बहन का लालन-पालन उनकी मां ने किया। दोनों एथलेटिक्स करती थीं। वेटलिफ्टिंग कोच गोपाल दास ने दोनों को मां से वेटलिफ्टिंग में उतारने का अनुरोध किया। मां तैयार नहीं थीं, लेकिन कोच के समझाने पर वह राजी हुईं। प्रीतिस्मिता बीते वर्ष 40 भार वर्ग में विश्व यूथ चैंपियनशिप में भी स्वर्ण जीत चुकी हैं।

## एशेज टेस्ट में स्मिथ करेंगे ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी

एजेंसी ▶▶| कैनबरा

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस पीठ की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले एशेज टेस्ट से बाहर हो गए हैं और उनकी अनुपस्थिति में स्टीव स्मिथ टीम की कमान संभालेंगे।



कमिंस जुलाई से पीठ की चोट के कारण मैदान से बाहर हैं। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि 21 नवंबर से पर्थ में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में उनके खेलने की संभावना कम है। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, 'हमने उनके फिट होने के लिए जितना समय तय किया था, वह समाप्त हो गया है। हमने एक सप्ताह पहले ही यह संकेत दे दिया था कि उन्हें फिट होने में चार सप्ताह से अधिक का समय लगेगा और दुर्भाग्यवश हमारे पास समय नहीं बचा है, लेकिन हमें पूरी उम्मीद है कि वह दूसरे टेस्ट मैच में वापसी करेंगे।' उन्होंने कहा, 'वह पिछले कुछ समय से इससे जूझ रहे हैं।




## आंतरिक रक्तस्राव के कारण आईसीयू में भर्ती अय्यर



**नई दिल्ली।** भारत की वनडे टीम के उप कप्तान श्रेयस अय्यर को सिडनी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान पसलियों में लगी चोट के कारण आंतरिक रक्तस्राव के बाद वह फिलहाल गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में हैं। अय्यर ने बैकवर्ड प्वाइंट से पीछे की ओर दौड़ते हुए एलेक्स कैरी का शानदार कैच लिया था। ऐसा लगता है कि इस दौरान उनकी बाईं पसली में चोट लग गई थी और शनिवार को ड्रेसिंग रूम में लौटने के तुरंत बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया।



## भारत को झटका, महिला विश्व कप से बाहर प्रतिका

**नवी मुंबई।** फॉर्म में चल रही सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल घुटने और टखने की चोट के कारण आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के बाकी मैचों से बाहर हो गईं, जिससे भारतीय टीम को करारा झटका लगा है। बांग्लादेश के खिलाफ डीवाई पाटिल स्टेडियम में भारत के अंतिम लीग मैच के दौरान प्रतिका का दाहिना टखना मुड़ गया था। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, 'वह जिस तरह से गिरीं थीं, उससे साफ हो गया था कि वह नॉकआउट मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगी। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।' 21वें ओवर की आखिरी गेंद पर जब प्रतिका गेंद रोकने के लिए डीप मिडविकेट से दौड़ीं तो उनका दाहिना पैर गीले मैदान में फंस गया और वह दर्द से कराहते हुए गिर पड़ीं।

## कनाडा ओपन के क्वार्टर फाइनल में अनाहत



**नई दिल्ली।** मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्व की 20वें नंबर की खिलाड़ी फ्रांस की मेलिसा अल्वेस को हराकर टोरंटो में चल रहे कनाडा ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व में 43वें स्थान पर काबिज दिल्ली की 17 वर्षीय खिलाड़ी अनाहत ने छठी वरीयता प्राप्त अल्वेस को 41 मिनट तक चले मुकाबले में 12-10, 12-10, 8-11, 11-2 से हराया। अनाहत का इस 96,250 अमेरिकी डॉलर इनामी पीएसए सिल्वर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अगला मुकाबला बेल्जियम की दूसरी वरीयता प्राप्त टिने गिलिस से होगा। इस बीच टोरंटो एथलेटिक क्लब ओपन में छठी वरीयता प्राप्त वीर चोटरानी इंग्लैंड के पेरी मलिक से हार कर बाहर हो गए। मलिक ने 11-7, 11-5, 9-11, 5-11, 11-5 से जीत हासिल की।

## 23 साल बाद फिडे विश्व कप की भारत में वापसी

एजेंसी:पणजी

विश्व शतरंज चैंपियन डी. गुकेश शुक्रवार से शुरू होने वाले फिडे विश्व कप को यादगार बनाना चाहते हैं और इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारतीय चुनौती की अगुवाई करने के लिए तैयार हैं। वैश्विक शतरंज कैलेंडर की सबसे महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में से एक फिडे विश्व कप की 23 साल बाद भारत में वापसी हो रही है। यह टूर्नामेंट 31 अक्टूबर से 27 नवंबर तक उत्तरी गोवा के एक रिसॉर्ट में आयोजित किया जाएगा, जिसकी कुल पुरस्कार राशि 20 लाख अमेरिकी डॉलर होगी।

**विश्व कप को लेकर उत्साहित गुकेश :** प्रतियोगिता में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में शुरुआत करने वाले विश्व शतरंज चैंपियन डी.गुकेश ने कहा, 'मैं विश्व कप को लेकर बहुत उत्साहित हूं। भारत में कहीं भी खेलना शानदार होता है और गोवा से तो मेरी कुछ अच्छी यादें जुड़ी हैं। मैंने यहां कुछ जूनियर प्रतियोगिताओं में भाग लिया है और इसलिए मैं वहां वापसी करने के लिए उत्सुक हूं।'



# लक्ष्मण झूले की जगह लेगा ऋषिकेश में कांच का पुल, वाहन भी गुजरेंगे

एजेंसी ▸▸ ऋषिकेश

ऋषिकेश का नया बजरंग सेतु ग्लास सस्पेंशन ब्रिज अब लक्ष्मण झूला की जगह लेगा। पैदल व दोपहिया वाहनों के यातायात के लिए बन रहे बजरंग सेतु की लंबाई 132 मीटर है। इसे 31 दिसंबर 2025 तक लगभग 69 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। पुल पर दोनों तरफ पैदल चलने का रास्ता और बीच में दोपहिया वाहन चलाने के लिए 5.30 मीटर चौड़ी लेन बनाई गई है। इंजीनियरिंग का बेजोड़ नमूना बजरंग सेतु लगभग 90 फीसदी बन चुका है। गंगा नदी के ऊपर से गुजरने का यह अनोखा अनुभव देगा। यह कांच का पुल एक आधुनिक सस्पेंशन ब्रिज है। यह ग्लास वॉकवे लगभग 100 साल पुराने लक्ष्मण झूले की जगह ले रहा है।

## रात में रंगीन रोशनी से जगमगाएगा सेतु

ये ग्लास वाला डिजाइन दिन में गंगा के मनमोहक नजारे पेश करेगा जबकि रात में ये रोशनी से जगमगाते हुए एक शानदार तस्वीर पेश करेगा। रोमांच पसंद करने वालों और फोटोग्राफरों के लिए, यह जल्द ही उत्तराखंड में सबसे खूबसूरत स्थानों में से एक बन जाएगा। पुल की बीच वाली लेन पर दोपहिया वाहन चल सकेंगे। बजरंग सेतु में 5.30 मीटर की चौड़ाई बीच में रखी गई है। इसमें टू व्हीलर भी चल सकेंगे।



टिहरी और पौड़ी जिले को जोड़ेगा बजरंग सेतु

बजरंग सेतु टिहरी और पौड़ी जिले को जोड़ेगा. बजरंग सेतु पर तीन तरह की रेलिंग बनाई जा रही हैं। पैदल यात्रियों के आने जाने के रास्ते के बीच बाइक स्कूटी जैसे दोपहिया के लिए रास्ता बनाया गया है। बजरंग सेतु में खास तरह की लाइटें लगाई जाएंगी। साथ ही सीसीटीवी भी लगाए जाएंगे। बजरंग सेतु के दोनों छोर पर केदारनाथ मंदिर की आकृति का निर्माण किया गया है।

### बजरंग सेतु की खूबियां

- 132 मीटर लंबा पुल
- 15 .30 मीटर चौड़ी लेन दुपहिया के लिए
- 31 दिसंबर 2025 तक हो जाएगा तैयार
- 169 करोड़ रुपये की लागत
- 1100 साल पुराने लक्ष्मण झूले की जगह लेगा
- 112 एमएम के पांच लेयर टफन ग्लास से बना ब्रिज

### कांच का पुल बनेगा ऋषिकेश की शान

इसके अलावा कभी भविष्य में गाड़ी चलाने का भी अगर कोई प्लान होगा तो बीच के पिलर्स निकाल दिए जाएंगे। बजरंग सेतु कांच के तौर पर टफन ग्लास का उपयोग किया गया है। लगभग 12एमएम के पांच लेयर टफन ग्लास लगाया गया है। जल्द ही बजरंग सेतु आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा।

**लक्ष्मण झूला पुल का निर्माण साल 1929 में**

ऋषिकेश का लक्ष्मण झूला पुल का निर्माण साल 1929 में हुआ था। पौराणिक कथाओं के मुताबिक, इसी जगह पर रामायण के लक्ष्मण ने जूट की रस्सियों से नदी पार की थी। करीब 92 साल पुराने लक्ष्मण झूला पुल पर सुरक्षा की दृष्टि से 13 जुलाई 2019 को आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया था। वर्ष 2019 से बंद पड़े पुराने लक्ष्मण झूला पुल की जगह यह नया बजरंग सेतु लेने जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### छह अफगानी नागरिक मुंबई में गिरफ्तार



**मुंबई।** मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कुलाबा और धारावी इलाके से 6 अफगानी नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जो फर्जी नामों और नकली दस्तावेजों के जरिए भारत में अवैध रूप से रह रहे थे. क्राइम ब्रांच को कुछ दिनों पहले गुप्त जानकारी मिली थी कि शहर में कुछ अफगानी नागरिक फर्जी पहचान के साथ रह रहे हैं. इसके बाद क्राइम ब्रांच की यूनिट 1 और यूनिट 5 ने स्वतंत्र टीमें बनाकर जांच शुरू की. टीमों ने इलाके में निगरानी रखी और गुप्त सूचना की पुष्टि करने के बाद एक-एक कर सभी आरोपियों को फोर्ट, कुलाबा और धारावी इलाके से पकड़ लिया। लेकिन जब पुलिस ने तकनीकी जांच और गहराई से पूछताछ की, तो सच्चाई सामने आ गई. सभी आरोपी असल में अफगानिस्तान के नागरिक निकले. उन्होंने कबूल किया कि वे साल 2015, 2017 और 2019 में मेडिकल वीज़ा पर भारत आए थे, लेकिन वीज़ा की अवधि खत्म होने के बाद भी भारत में फर्जी पहचान के साथ रह रहे थे। पुलिस के मुताबिक, ये सभी लंबे समय से भारत में फर्जी दस्तावेज़ों के ज़रिए रह रहे थे. कार्रवाई के बाद सभी को डिटेन कर लिया गया है और अब इन्हें वापस अफगानिस्तान भेजने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

**बिहार विधान सभा चुनाव : महागठबंधन का घोषणापत्र आज जारी करेंगे प्रियंका व तेजस्वी**

# महिलाओं को 2500 रुपए, 200 यूनिट बिजली फ्री, वादों की झड़ी लगाएगा महागठबंधन

एजेंसी ▸▸ पटना





बिहार में छठ पूजा के बीच विधानसभा चुनाव का प्रचार जोरों पर है। विपक्ष रोजगार और अपराध के मुद्दों पर सरकार को घेर रहा है, जबकि एनडीए लालू यादव के जंगलराज की बात कर रहा है। सभी नेता मतदाताओं को लुभाने में लगे हैं, जिससे राजनीतिक माहौल और भी तेज हो गया है।

बिहार चुनाव में हलचल के बीच महागठबंधन की ओर से चुनावी घोषणा पत्र का ऐलान आज मंगलवार 28 अक्तूबर को होगा। कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी, नेता प्रतिपक्ष और महागठबंधन के मुख्यमंत्री उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव घटक दलों के अन्य वरीय नेताओं की मौजूदगी में घोषणा पत्र को आम लोगों के बीच प्रस्तुत करेंगे। राजद नेताओं के अनुसार अब तक नेता प्रतिपक्ष ने जो-जो घोषणाएं की है, उसको घोषणा पत्र में समाहित किया गया है। महागठबंधन घोषणा पत्र में कुछ और नए वायदे भी सार्वजनिक कर सकता है।

### घोषणापत्र में ये किए जा रहे वादे

हर परिवार से एक को सरकारी नौकरी देने की घोषणा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। आरक्षण की सीमा बढ़ाने की घोषणा को भी प्रमुखता से शामिल किया गया है। माई-बहिन मान योजना के तहत महिलाओं को हर महीने ढाई हजार और जीविका दीदियों को दो हजार भत्ता देना भी घोषणा पत्र में शामिल किया गया है। हर उपभोक्ता को 200 यूनिट फ्री बिजली, पांच सौ में सिलेंडर। पंचायत प्रतिनिधियों को दोगुना भत्ता, पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों को पेंशन देने को भी घोषणा पत्र में शामिल किया गया है।

## पीएम मोदी, पटना में दो को करेंगे रोड शो



डजिटिल डेस्क, पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 अक्टूबर से सात नवंबर तक बिहार में ताबड़तोड़ चुनावी सभाएं करेंगे। इस क्रम में 30 अक्टूबर को मुजफ्फरपुर एवं छपरा में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। इसके उपरांत दो नवंबर को प्रधानमंत्री पटना में रोड शो करेंगे। भाजपा इसे प्रधानमंत्री के सबसे व्यापक चुनावी अभियान के रूप में देख रही है। रोड शो की तैयारियां भाजपा ने तेज कर दी हैं। रविवार को बिहार भाजपा के चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया।

### घर पहुंचे नीतीश के चिराग ने छुए पांव, लिया आशीर्वाद

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार छठ पूजा के मौके पर प्रसाद ग्रहण करने लोजपा (रा) के प्रमुख व केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के घर पहुंचे। गेट पर ही पासवान ने उनकी आगवानी की और पैर छूकर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने हंसते हुए कहा, हम तो आपका दर्शन करने चले आए। सुनकर चिराग भी हंसने लगे। चिराग ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र भेंट उनका स्वागत किया। उनके साथ सभी स्वजनों ने तस्वीर भी खिंचवाई।

### भाजपा ने पवन यादव समेत 6 नेताओं को पार्टी से निकाला

बिहार विधानसभा चुनाव में बगावत करने वाले नेताओं पर दल लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। इसी कड़ी में अब भाजपा ने निर्दलीय चुनाव लड़ रहे कहलगांव के विधायक पवन यादव समेत सनी यादव, श्रवण कुशवाहा, उत्तम चौधरी, मारुति नंदन मारुति और पवन चौधरी को पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने के आरोप में निष्कासित कर दिया है। बयान में कहा गया है, पार्टी ने विधानसभा चुनावों के दौरान एनडीए उम्मीदवारों के खिलाफ पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। ये निष्कासित नेता एनडीए उम्मीदवार के आधिकारिक रूप से घोषित उम्मीदवारों और पार्टी की विचारधारा के खिलाफ काम कर रहे थे।

# सीजेआई पर जूता उछालने वाले वकील के खिलाफ नहीं होगी अवमानना की कार्रवाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मन नहीं है, एससीबीए की याचिका पर हुई सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट की एक पीठ ने सोमवार को कहा कि वे मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई पर जूता उछालने की कोशिश करने वाले वकील के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई करने के इच्छुक नहीं हैं। पीठ ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश खुद ही आरोपी वकील के खिलाफ कार्रवाई करने से इनकार कर चुके हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि 'अदालत में नारेबाजी करने और जूता उछालना यकीनन अदालत की अवमानना है, लेकिन ये संबंधित न्यायाधीश पर निर्भर करता है कि वे कानून के तहत कार्रवाई करते हैं या नहीं।' सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने आरोपी वकील राकेश किशोर के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्रवाई करने की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। पीठ ने कहा कि 'अवमानना का नोटिस जारी करने से उस वकील को चर्चा ही मिलेगी, जिसने मुख्य न्यायाधीश की तरफ जूता उछाला। इससे घटना को बेवजह का तूल मिलेगा।' पीठ ने कहा कि इस घटना को अपने आप ही खत्म होने देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई के दौरान पीठ ने यह टिप्पणी की। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई पर जूता उछालने की घटना 6 अक्तूबर को हुई थी। यह घटना उस वक्त हुई, जब सीजेआई एक मामले पर सुनवाई कर रहे थे।

### दिशा-निर्देश जारी करेगा सुप्रीम कोर्ट

सर्वोच्च अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए अदालत दिशा-निर्देश जारी करेगी। पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से विभिन्न अदालतों में जूता उछालने की घटनाओं की जानकारी देने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसी घटनाओं को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने और घटना का महिमामंडन करने के संबंध में भी विचार करने के बाद दिशा-निर्देश जारी करने की बात कही है।

### चलती कार पर ट्रक पलटा, दो युवकों की मौत

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले से एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। यहां सोमवार की तड़के धान से लदा एक अनियंत्रित ट्रक कार के ऊपर पलट गया। कार सवार दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के मुरादपुर गांव निवासी विजय बहादुर का 30 वर्षीय बेटा पंकज अपनी वैगन-आर कार से कल्यानपुर थाना क्षेत्र के चौडगरा गए थे। कार में पंकज के साथ उसके दो दोस्त बिंदकी कस्बे के बजरिया बड़ा कुआं मोहल्ला के रहने वाले धीरु पुत्र रामखेलावन (25) और कस्बे के ही मोहल्ला पैगंबरपुर के जसवंत कुमार पुत्र सिद्धार्थ (32) भी सवार थे।

## राशिफल



**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।




**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।



**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।



**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।



**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।



**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।



**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।



**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।



**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।



**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।



**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।



**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

*मानहानि मामले में सुनवाई*

# कोर्ट में पेश हुईं कंगना, कहा- हर माता मेरे लिए सम्मानीय

एजेंसी ▸▸ बठिंडा/चंडीगढ़



अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत सोमवार को मानहानि के एक मामले में बठिंडा की एक अदालत में पेश हुईं और कहा कि उनके 2021 के ट्वीट को लेकर ''गलतफहमी'' पैदा हुई है। उन्होंने कहा कि उनके लिए हर 'माता' सम्मानीय है। अदालत ने पिछले साल सितंबर में हिमाचल प्रदेश के मंडी से भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा सदस्य को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया था। साथ ही वीडियो कांफ्रेंस के जरिए पेश होने की उनकी याचिका खारिज कर दी थी। मानहानि का यह मामला अभिनेत्री द्वारा पंजाब के बठिंडा जिले के बहादुरगढ़ जन्दियन गांव की 73 वर्षीय शिकायतकर्ता महिंदर कौर के एक ट्वीट को अपनी टिप्पणी के साथ रीट्वीट करने पर आधारित है। उक्त टिप्पणी अब निरस्त किए जा चुके कृषि कानूनों के खिलाफ 2020-21 के किसान विरोध प्रदर्शन के दौरान की गई थी। रनौत ने कहा, ''मैंने कभी सपने में भी इसकी कल्पना नहीं की थी... हर 'माता', चाहे वह पंजाब से हो या हिमाचल से, मेरे लिए सम्माननीय है।

### क्या है पूरा मामला

जनवरी 2021 में बठिंडा में दायर एक शिकायत में, महिंदर कौर ने आरोप लगाया कि भाजपा सांसद ने उन्हें गलत तरीके से बिलकिस बानो के रूप में पहचान कर बदनाम किया, जो एक कार्यकर्ता थीं और 2020 के शाहीन बाग विरोध प्रदर्शन के दौरान सुर्खियों में आई थीं।

**महिंदर कौर के पति थे मौजूद**

अभिनेत्री ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं की है। उन्होंने कहा, 'महिंदर (कौर) जी के परिवार के साथ जो भी गलतफहमी हुई, मैंने 'माता जी' को उनके पति को संदेश दिया कि किस तरह वह गलतफहमी का शिकार हुई हैं।" महिंदर कौर अदालत में मौजूद नहीं थीं, लेकिन उनके पति उपस्थित थे।

# अनुसंधान और विकास के बिना आगे नहीं बढ़ सकता कोई देश

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय रक्षा विनिर्माता सोसायटी (एसआईडीएम) के वार्षिक सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, यह सच्चाई है कि कोई भी देश अनुसंधान और विकास के बिना आगे नहीं बढ़ सकता। चाहे अमेरिका हो, चीन हो या दक्षिण कोरिया..जो भी देश आगे गए हैं, वो अनुसंधान और विकास की वजह से ही गए हैं। आज रक्षा और युद्ध क्षेत्र में जो परिवर्तन हो रहे हैं, उनसे केवल स्वदेशीकरण के माध्यम से ही निपटा जा सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा, यह भी मैं कहना चाहूंगा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार मैं आप सबके बीच आया हूं तो उससे संबंधित कुछ बातें भी मैं आपके सामने रखना चाहूंगा। उन्होंने कहा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय हमारी सेनाओं के साथ-साथ उन सबको जाता है, जो पीछे रहकर उस मिशन को सफल बनाने में लगे हुए थे। आप जैसे उद्योग योद्धाओं ने नवाचार, डिजाइन और विनिर्माण के मोर्चे पर अथक परिश्रण किया है, आप भी इस जीत के समान रूप से हकदार हैं।

**'सरकार का काम समान अवसर प्रदान करना'**

उन्होंने आगे कहा, सीखने के लिए तो हमें कहीं से भी किसी से भी सीखना चाहिए। हम तो 'आनो भद्रा क्रतवो यन्तु विश्वतः' की सोच को मानने वाले लोग हैं। दुनिया में अगर कहीं भी अच्छा अभ्यास हो रहा है, तो उसको अपनाने में हमें पीछे नहीं रहना चाहिए। जैसा कि मैने कहा है कि सरकार का काम एक समान अवसर प्रदान करना है परंतु खेलना तो आप लोगों को ही है।मैं चाहता हूं आप ऐसा खेलें कि पूरी दुनिया दर्शक बनकर आपकी ओर देखें।

**'अनिश्चितता को ध्यान में रखकर उठाने होंगे कदम'**

राजनाथ सिंह ने कहा, हाल ही में पहलगाम हमले के बाद जिस तरह हमने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। उसके बाद स्थितियां कुछ ऐसी बनीं थी कि युद्ध हमारे दरवाजे पर दस्तक दे रहा था। दुनिया में शांति और कानून-व्यवस्था में अनिश्चितता तो बढ़ ही गई है। इसलिए उस अनिश्चितता को ध्यान में रखते हुए हमें अपने कदम उठाने होंगे।


**'ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी उपकरणों ने दिखाया पराक्रम'**

उन्होंने आगे कहा हम सबने देखा कि आकाश मिसाइल प्रणाली, ब्रह्मोस, आकाशतीर वायु रक्षा प्रणाली और अन्य कई प्रकार के स्वदेशी उपकरणों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से अपना पराक्रम दिखाया। हमारे स्वदेशी उपकरणों की सफलता ने न केवल क्षेत्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की साख, भारत की विश्वसनीयता को बढ़ाया है।

# मानहानि मामले में राहुल की सुनवाई चार नवंबर को

**हाथरस।** हाथरस जिले की विशेष सांसद/विधायक अदालत ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि के एक मामले में सोमवार को सुनवाई की अगली तारीख चार नवंबर तय की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गांधी द्वारा हाथरस के बूलगढ़ी प्रकरण में बरी हो चुके तीन युवकों को आरोपी बताने के मामले में उनके खिलाफ यह याचिका दायर की गई है। मामले में बरी किए गए युवकों के अधिवक्ता मुन्ना सिंह पुंढीर ने कहा कि न्यायाधीश के अवकाश पर होने के कारण सोमवार को सुनवाई नहीं हो सकी। उन्होंने कहा, /"अब मामले की सुनवाई चार नवंबर को होगी।/" पुंढीर ने कहा कि रवि, राम कुमार उर्फ रामू और लव कुश की ओर से गांधी के खिलाफ तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा, /"राहुल गांधी को डेढ़ करोड़ रुपये का कानूनी नोटिस भेजा गया था जिसमें बरी किए गए तीनों युवकों के लिए 50-50 लाख रुपये देने की मांग की गई थी।" पुंढीर ने कहा कि नोटिस का कोई जवाब नहीं मिला, जिसके बाद शिकायत दर्ज कराई गई।

## शब्द पहेली - 6030



**बाएँ से दाए-**
1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही,कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2

**शब्द पहेली -6029 का हल**



## सूडोकु नवताल- 6040

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6039 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

**खबर संक्षेप**

### जेके टायर का लाभ 62% बढ़कर 227 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 62.33 प्रतिशत बढ़कर 226.86 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने यह जानकारी दी। जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लि. ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर में 139.75 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

### सीपीसीएल को दूसरी तिमाही में 719 करोड़ रुपए का मुनाफा



**नई दिल्ली।** चेन्नई पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल) ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 719 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। इससे पिछली तिमाही में कंपनी को घाटा हुआ था। कंपनी न दी सूचना में यह जानकारी दी। मजबूत रिफाइनरी मार्जिन और बेहतर परिचालन प्रदर्शन ने कंपनी को मुनाफे में लौटने में मदद की।

### स्टड्स का आईपीओ 30 अक्टूबर को खुलेगा



**नई दिल्ली।** हेलमेट विनिर्माता कंपनी स्टड्स एक्सेसरीज लिमिटेड ने अपने 455 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए 557-585 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। आईपीओ 30 अक्टूबर को खुलेगा और तीन नवंबर को संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 29 अक्टूबर को बोली लगा पाएंगे।

# इस सप्ताह कमाई का निवेशकों को मौका, पांच कंपनियों के आएंगे आईपीओ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने मिल्की मिस्ट डेयरी फूड्स और क्योरफूड्स इंडिया समेत पांच कंपनियों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से पूंजी जुटाने की मंजूरी दे दी है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के मुताबिक, नियामकीय मंजूरी पाने वाली कंपनियों में स्टीमहाउस इंडिया, गजा अल्टरनेटिव एसेट मैनेजमेंट (गजा कैपिटल) और कनोडिया सीमेंट भी शामिल हैं।

### निर्गम लाने की तैयारियां तेज

इन कंपनियों ने इस साल मई से जुलाई के बीच अपने आईपीओ से संबंधित दस्तावेजों का मसौदा दाखिल किया था और इन्हें 14 से 24 अक्तूबर के बीच नियामकीय अनुमति प्राप्त हुई है। सेबी की मंजूरी ऐसे समय में आई है जब घरेलू शेयर बाजार में प्राथमिक निर्गम लाने की गतिविधियां तेजी पर हैं।

## सेबी ने मिल्की मिस्ट, क्योरफूड्स को दी आईपीओ लाने की मंजूरी

### लेंसकार्ट भी अपना आईपीओ ला रही

चालू वित्त वर्ष में अब तक 84 कंपनियां आईपीओ के जरिये बाजार में पूंजी जुटा चुकी हैं। इस सप्ताह लेंसकार्ट सॉल्यूशंस भी अपना आईपीओ लाने वाली है। तमिलनाडु की डेयरी उत्पाद कंपनी मिल्की मिस्ट डेयरी फूड्स 2,035 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। इसमें 1,785 करोड़ रुपये का नया निर्गम और 250 करोड़ रुपये का शेयर बिक्री प्रस्ताव (ऑफर फॉर सेल) शामिल है।




**अब तक 84 कंपनियां आईपीओ के जरिए बाजार में पूंजी जुटा चुकी**

### क्योरफूड्स 800 करोड़ का निर्गम लाएगी

केकज़ोन और नोमैड पिज्जा जैसे ब्रांड संचालित करने वाली क्योरफूड्स इंडिया करीब 800 करोड़ रुपये का नया निर्गम लाएगी। इसके अलावा मौजूदा निवेशक 4.85 करोड़ शेयरों की बिक्री करेंगे। स्टीमहाउस इंडिया और गजा कैपिटल ने अपने आईपीओ के लिए गोपनीय मार्ग चुना है, जिसमें शुरुआती चरण में निर्गम संबंधी ब्योरा सार्वजनिक नहीं किया जाता है।

### स्टीमहाउस इंडिया 700 करोड़ जुटाएगी

*सूत्रों ने कहा कि स्टीमहाउस इंडिया 500 से 700 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। गजा कैपिटल ने इस साल सेबी के पूर्व चेयरमैन यू. के. सिन्हा को गैर-कार्यकारी चेयरमैन नियुक्त किया था। कनोडिया सीमेंट का प्रस्तावित निर्गम पूरी तरह से बिक्री पेशकश के रूप में होगा, जिसमें प्रवर्तक और एक व्यक्तिगत शेयरधारक 1.49 करोड़ शेयर बेचेंगे।*

## केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री वैष्णव ने दी जानकारी

# इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा विनिर्माण की 5,532 करोड़ रुपए की सात परियोजनाएं मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने 'इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा विनिर्माण योजना' (ईसीएमएस) के तहत मिले 249 प्रस्तावों में से सात परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है जिनमें कुल 5,532 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को यह जानकारी दी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से देश का इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों का आयात बिल लगभग 20,000 करोड़ रुपये तक कम हो सकता है। उन्होंने कहा, "इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा क्षेत्र की सात परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। आने वाले दिनों में कई अन्य प्रस्तावों को भी मंजूरी दी जाएगी। हमें उम्मीद है कि इन परियोजनाओं से लगभग 20,000 करोड़ रुपये का आयात बिल कम होगा।"

### चार परियोजनाएं केन्स ग्रुप की

इनमें चार परियोजनाएं केन्स ग्रुप की हैं जबकि एक-एक परियोजना सिरमा समूह, एंबर समूह की इकाई एसेंट सर्किट्स और एसआरएफ लिमिटेड की है। केन्स ग्रुप की चार परियोजनाओं में कुल 3,280 करोड़ रुपये का निवेश होगा जिनसे मल्टी-लेयर पीसीबी, कैमरा मॉड्यूल असेंबली और हाई डेंसिटी इंटरकनेक्ट (एचडीआई) पीसीबी का उत्पादन किया जाएगा।

### मदरबोर्ड बेस की परियोजना शामिल

*वैष्णव ने बताया कि स्वीकृत प्रस्तावों में प्रिंटेड सर्किट बोर्ड यानी मदरबोर्ड बेस, कैमरा मॉड्यूल, कॉपर लैमिनेट और पॉलीप्रोपिलीन फिल्म (उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स में इस्तेमाल होने वाले कैपेसिटर के लिए जरूरी) के निर्माण से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं।*

### पॉलीप्रोपिलीन फिल्म का निर्माण होगा

एसेंट सर्किट्स की 991 करोड़ रुपये की परियोजना से 7,800 करोड़ रुपये मूल्य के मल्टी-लेयर पीसीबी बनने का अनुमान है। सिरमा स्ट्रैटेजिक इलेक्ट्रॉनिक्स की 765 करोड़ रुपये की परियोजना से 6,900 करोड़ रुपये के पीसीबी और एसआरएफ की 496 करोड़ रुपये की परियोजना से 1,311 करोड़ रुपये के पॉलीप्रोपिलीन फिल्म का उत्पादन होगा।




- ईसीएमएस के तहत 249 प्रस्तावों को मिली मंजूरी
- आयात बिल 20,000 करोड़ रुपए तक कम हो सकता है
- कई अन्य प्रस्तावों को भी मंजूरी दी जाएगी





### 5195 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि स्वीकृत परियोजनाओं में कुल 5,532 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है और इनसे करीब 5,195 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। कृष्णन के मुताबिक, इस योजना के तहत अब तक कुल 1.15 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

### पहले चरण की समयसीमा सितंबर में हुई खत्म

ईसीएमएस योजना के पहले चरण की समयसीमा 30 सितंबर को खत्म हो गई थी लेकिन पूंजीगत उपकरणों के लिए आवेदन की खिड़की फिलहाल खुली हुई है। यह योजना देश में घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पारिस्थितिकी को मजबूत करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

### मांग का 27 फीसदी पूरा किया जा सकेगा

*वैष्णव ने कहा कि मंजूर परियोजनाओं से देश की कुल पीसीबी मांग का लगभग 27 प्रतिशत और कैमरा मॉड्यूल की मांग का 15 प्रतिशत घरेलू स्तर पर पूरा किया जा सकेगा। वहीं, कॉपर लैमिनेट और पॉलीप्रोपिलीन फिल्म जैसे कलपुर्जे भारत में पहली बार बनेंगे और ये 100 प्रतिशत घरेलू जरूरत को पूरा करेंगे।*

## एजीआर पर वोडाफोन आइडिया को 'सुप्रीम' राहत, केंद्र सरकार को पुनर्विचार की अनुमति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- अदालत ने माना मामला सरकार के नीतिगत अधिकार क्षेत्र में आता है
- फैसला वोडाफोन आइडिया के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा

वित्तीय संकट से जूझ रही टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया (वीआई) के लिए सोमवार का दिन एक बड़ी राहत लेकर आया। सुप्रीम कोर्ट ने कंपनी के एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू (एजीआर) बकाये से जुड़े एक अहम मामले में केंद्र सरकार को पुनर्विचार की अनुमति दे दी है। अदालत ने माना कि यह मामला सरकार के 'नीतिगत अधिकार क्षेत्र' में आता है। यह फैसला वोडाफोन आइडिया के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जो लंबे समय से अपनी देनदारियों को लेकर संघर्ष कर रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को स्पष्ट किया कि एजीआर बकाये का पुनर्मूल्यांकन एक ऐसा मुद्दा है, जिस पर अंतिम निर्णय लेना केंद्र सरकार का काम है। अदालत की इस टिप्पणी ने केंद्र के लिए एक महत्वपूर्ण 'पॉलिसी विंडो' खोल दी है।

### बाजार ने किया फैसले का स्वागत

सुप्रीम कोर्ट के इस रुख का असर शेयर बाजार पर भी तुरंत देखने को मिला। खबर आते ही वोडाफोन आइडिया के शेयरों में तेज उछाल दर्ज किया गया। जो शेयर पहले नुकसान में कारोबार कर रहे थे, वे इस खबर के बाद 9.25% तक चढ़ गए। फिलहाल शेयर 10.02 रुपए पर बंद हुए। बाजार की यह सकारात्मक प्रतिक्रिया दिखाती है कि निवेशक इस फैसले को कंपनी के हक में एक बड़े कदम के तौर पर देख रहे हैं।

# इट्सा हॉस्पिटल्स: प्रसव के बाद पेट की समस्याओं के लिए सम्पूर्ण देखभाल का भरोसेमंद केंद्र





**रायपुर।** सड्डू स्थित इट्सा हॉस्पिटल्स ने मातृत्व के बाद महिलाओं के आंत और पाचन स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की अपील की है। कंसल्टेंट लेप्रोस्कोपिक, लेजर और जनरल सर्जन डॉ. जील शेठ अग्रवाल का कहना है, 'मातृत्व सब कुछ बदल देता है - इसमें आपका पाचन तंत्र भी शामिल है।' गर्भावस्था और प्रसव के बाद कब्ज, पेट फूलना और बवासीर जैसी समस्याएं आम हैं, जिन्हें अक्सर सामान्य मान लिया जाता है, जबकि ये पूरी तरह इलाज योग्य और रोकथाम योग्य हैं।

- डॉ. जील शेठ अग्रवाल के नेतृत्व में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं

डॉ. अग्रवाल महिलाओं से अपील करती हैं कि वे पर्याप्त पानी पिएं, फाइबर युक्त आहार लें, रोज हल्की गतिविधि करें और किसी भी असुविधा में तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें। इट्सा हॉस्पिटल्स का उद्देश्य है - हर माता को गरिमा, आराम और आत्मविश्वास के साथ स्वस्थ बनाना। क्योंकि जब आपका आंत स्वस्थ होता है, तभी आपकी रिकवरी की असली शुरुआत होती है।

इट्सा हॉस्पिटल्स में पोस्ट-प्रेग्नेंसी गट और प्रोक्टोलॉजी देखभाल के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां लेजर सर्जरी और न्यूनतम चीरा तकनीक के जरिए माताओं को दर्द रहित, बिना टांकों और जल्दी रिकवरी की सुविधा दी जाती है। अधिकतर मरीज उसी दिन घर लौट सकती हैं। डॉ. अग्रवाल बताती हैं कि गर्भावस्था के दौरान हार्मोनल बदलाव, आयरन सप्लीमेंट्स और कम शारीरिक गतिविधि पाचन को प्रभावित करते हैं।


### इट्सा हॉस्पिटल्स में अत्याधुनिक सुविधाएं

प्रसव के बाद कब्ज या हर्निया जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं, जिनका समय पर इलाज आवश्यक है। इट्सा में पोस्ट-सर्जरी रिहैबिलिटेशन के अंतर्गत कोर स्ट्रेंथ बढ़ाने वाले व्यायाम, आहार संबंधी सलाह और व्यक्तिगत काउंसलिंग की सुविधा भी दी जाती है, जिससे महिलाएं अंदर और बाहर दोनों तरह से ताकत वापस पा सकें।

## सेंसेक्स 567 अंक चढ़ा

# घरेलू बाजार में मजबूत वैश्विक संकेतों से उछाल

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- अमेरिका में खुदरा मुद्रास्फीति के बेहतर आंकड़ों ने उम्मीदें जगाई
- निफ्टी भी 25,900 अंक के पार चला गया

वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजार खासी बढ़त के साथ बंद हुए। मानक सूचकांक सेंसेक्स में करीब 567 अंक का उछाल रहा जबकि निफ्टी 25,900 अंक के पार चला गया।

विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका में खुदरा मुद्रास्फीति के बेहतर आंकड़ों ने इस साल फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें जगा दी हैं। अमेरिका-चीन व्यापार समझौते की संभावनाओं और विदेशी कोषों की खरीदारी ने भी निवेशक धारणा को समर्थन देने का काम किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 566.96 अंक चढ़कर 84,778.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 720.2 अंक बढ़कर 84,932.08 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 170.90 अंक यानी 0.66 प्रतिशत चढ़कर 25,966.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इटर्नल, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा स्टील और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से लाभान्वित हुए। हालांकि, कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर कमजोर तिमाही नतीजों के बाद 1.74 प्रतिशत गिर गया।

### एशियाई बाजार में रही तेजी

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग तेजी के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजारों में मिला-जुला रुख देखने को मिला। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार सकारात्मक दायरे में बंद हुए थे।

# होंडा मोटर ने ओएमसी पावर में किया निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- कंपनी ने अल्पमत हिस्सेदारी हासिल की

जापान की मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड ने ओएमसी पावर में पांच से 10 प्रतिशत की अल्पमत हिस्सेदारी खरीदी है। उद्योग जगत के सूत्रों ने यह जानकारी दी।

होंडा मोटर ने ओएमसी पावर में 5-10 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद ली है और भविष्य में वह अपनी हिस्सेदारी बढ़ा सकती है। ओएमसी पावर के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोहित चंद्रा ने एक बातचीत में कहा कि दोनों कंपनियां व्यावसायिक सहयोग के लिए चार साल से अधिक समय से बातचीत कर रही थीं। सीईओ ने बताया कि यह होंडा मोटर का भारत में किसी वितरित ऊर्जा मंच में किया गया पहला निवेश भी है। होंडा मोटर, ओएमसी पावर में निवेश करने वाली तीसरी जापानी कंपनी बन गई है। इससे पहले मित्सुई एंड कंपनी और चुबू इलेक्ट्रिक इसमें निवेश कर चुकी हैं। ओएमसी पावर में मित्सुई एंड कंपनी की 26 प्रतिशत जबकि चुबू इलेक्ट्रिक पावर की 30 प्रतिशत हिस्सेदारी है।यह निवेश ऐसे समय में हुआ है जब ओएमसी पावर एक नए व्यावसायिक क्षेत्र में प्रवेश कर रही है।

### सेफक्योर सर्विसेज का निर्गम बुधवार को खुलेगा

**मुंबई।** सुरक्षा एवं सुविधा प्रबंधन कंपनी सेफक्योर सर्विसेज ने अपने 30.6 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए 102 रुपये प्रति इक्विटी शेयर मूल्य तय किया है। कंपनी की जारी बयान के अनुसार, आईपीओ 29 अक्टूबर को खुलेगा और 31 अक्टूबर को संपन्न होगा। निवेशक न्यूनतम 2,400 शेयरों और उसके बाद 1,200 शेयरों के गुणक में बोली लगा सकते हैं। बयान में कहा गया है कि आईपीओ पूरी तरह से 30 लाख इक्विटी शेयरों का एक नया निर्गम है, जिसका अंकित मूल्य 10 रुपये प्रति शेयर है और निर्गम मूल्य 102 रुपये प्रति शेयर है।

**गुमशुदा**



सुखीराम बरेठ पिता मेलाराम बरेठ उम्र लगभग 64 वर्ष, कद 5 फीट 7 इंच, रंग सांवला, मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जो ग्राम लिदरी, थाना व तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) से दिनांक 10.10.2016 के 1 माह पूर्व घर से कहीं चले गए है। जिस किसी सज्जन को दिखे, कृपया सूचित करने की कृपा करें। उचित ईनाम दिया जावेगा।

**शरद रजक, ग्राम लिदरी तह. व थाना तखतपुर, जिला बिलासपुर**
**मो. 8103767735**

# टाटा इन्वेस्टमेंट के लाभ में 19.8 फीसदी का इजाफा




**नई दिल्ली।** टाटा इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में एकीकृत शुद्ध लाभ 19.8 प्रतिशत बढ़कर 148.16 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। टीआईसीएल को वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 123.69 का शुद्ध लाभ हुआ था। वित्त वर्ष 2025-26 की समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की एकीकृत परिचालन आय 153.98 करोड़ रुपये रही, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 142.48 करोड़ रुपये थी। टीआईसीएल ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसकी लाभांश आय 116.44 करोड़ रही, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 102.14 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि इस दौरान उसका कुल व्यय मामूली रूप से बढ़कर 11.40 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 9.43 करोड़ रुपये था।

# लेंसकार्ट के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा तय

**नई दिल्ली।** चश्मों की खुदरा कंपनी लेंसकार्ट सॉल्यूशंस ने अपने 7,278 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 382-402 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी की ओर से सोमवार को जारी बयान के अनुसार, आईपीओ 31 अक्टूबर को खुलेगा और चार नवंबर को संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 30 अक्टूबर को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ दस्तावेज के अनुसार, कंपनी नए शेयर जारी करके 2,150 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है।

**आम सूचना**

**ICICI Bank** पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्किल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390 007
कारपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित ऋणधारकों को स्वर्ण आभूषण के एवज में सुविधा में प्रदर्शित धनराशि को चुक्ता करने हेतु सूचना जारी की जा चुकी है। आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (ICICI Bank) से उन्हें ("सुविधा") उपलब्ध कराई गई। चूंकि ऋणधारक सुविधा अन्तर्गत बकाया भुगतान करने में असफल हो चुके हैं, हम 07 नवंबर, 2025 को बंधक स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी व्यवहत करने को बाध्य हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी खाता को हटाने का/ई-नीलामी की तारीख में परिवर्तन करने का अधिकार रखता है। नीलामी ऑनलाईन https://gold.samil.in पर 12:30 बजे अपराह्न से 3:30 बजे अपराह्न के बीच आयोजित की जायेगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया दी गई वेबसाईट का अवलोकन करें। ऋणधारक की मत्य की स्थिति में उसके वैध उतराधिकारी पर सभी नियम एवं शर्ते लाग होंगी।

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम :बलरामपुर (छत्तीसगढ़) | |
| 782262000080 | धर्मेन्द्र कुमार केशरी |
| शाखा का नाम : बस्तर, छत्तीसगढ़ | |
| 360162002030 | विद्याधर नेताम |
| शाखा का नाम : बिलासपुर - गांधी चौक | |
| 496462000098 | बिमलेश कुमार सिंह |
| शाखा का नाम : दुर्ग | |

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 062362001384 | सफीरुर रहमान |
| शाखा का नाम : घरघोड़ा, छत्तीसगढ़ | |
| 372262001590 | मनोज कुमार डनसेना |
| 372262001605 | मनोज कुमार डनसेना |
| शाखा का नाम : जगदलपुर | |
| 108562010776 | गजानंद नाग |
| 108562010842 | आदित्य सिंह चौहान |
| 108562010885 | गणेश बघेल |
| 108562012681 | बलराम बलराम |

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : नगरनार | |
| 263962003291 | मोहन चंद्र माझी |
| शाखा का नाम : पाली, छत्तीसगढ़ | |
| 280462000933 | चंचल डिकसेना |
| शाखा का नाम : सूरजपुर | |
| 749662000542 | भुनेश्वर प्रसाद साहू |
| शाखा का नाम : रीवा | |
| 094862005421 | विनोद मिश्रा |

दिनांक : 28.10.2025
स्थान : बस्तर, रायगढ़, बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा, बलरामपुर, सूरजपुर, कोण्डागांव।
सही - प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**

टेली फैक्स : 07740-252273 email: bssukm1@gmail.com
Contact No. - 09454221467, 08305143251, 09893404589, 08889088255

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

निविदा विज्ञप्ति क्र.-10 दिनांक- 27/10 /2025

3500 टी.सी.डी. के भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, कवर्धा, जिला - कबीरधाम में विभिन्न इंजीनियरिंग/मेन्युफैक्चरिंग सामग्री क्रय हेतु ई-टेण्डर आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा हेतु इच्छुक फर्मो / निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर पृथक-पृथक ई-निविदा हेतु फार्म राशि 1311/- रू. (1000/-रू. + 311/- रू. चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज ) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) से फार्म Upload किया जाना है। निम्नलिखित तिथि अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | विवरण | निविदा प्रपत्र विक्रय / जमा तिथि एवं समय | निविदा खोलने तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा सूचना क्रमांक— 178181 (OEM / Authorized Dealer ) Roller Reshelling, Roller with New Shaft, Double Helical Gear Box, Sugar Mill Cane Crusher Gear Box, Swing Type Cane Leveler Etc. **विभिन्न इंजीनियरिंग सामग्री** | दिनांक 28/10/2025 समय रात्रि 08:00 बजे से 03/11/2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा। | निविदा 03/11/2025 समय दोपहर 12:30 बजे से |
| 2 | ई-निविदा सूचना क्रमांक-178182 (OEM & Authorized Dealer ) As Per Specification of IS 14968-2015 Textiles, Amendment No.5, February 2025, High Density Poly Ethelene (HDPE) / Poly Propelene (PP) Woven Sacks for Packaging Sugar **मेन्युफैक्चरिंग सामग्री** | दिनांक 28/10/2025 समय रात्रि 08:00 बजे से 03/11/2025 को समय दोपहर 01:30 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा। | निविदा 03/11 / 2025 समय दोपहर 02:00 बजे से |

निविदा की नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र एवं कारखाने के वेब साइट WWW.bssukm.co.in में भी अवलोकन कर सकते है।

**प्रबंध संचालक**
**भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा, जिला - कबीरधाम (छ.ग.)**

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### 65 हजार की...

बाद मे आर्डर कंफर्म करने के नाम पर किस्तों में 64 हजार रुपए की ठगी कर ली। छात्रा की शिकायत पर थाने मे आईटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। इस दौरान जॉच दल ने इंस्टाग्राम पेज के यूजरआईडी से आईपी एड्रेस ट्रेस किया जो महाराष्ट्र के डोंबीवली का निकला। पेमेंट सबंधी क्यूआर कोड का लिंक और मोबाइल नंबर भी महाराष्ट्र के डोंबीवली का पाया गया। पुलिस ने जॉच के दौरान मोबाइल नंबर का डीपीआर, आईपीडीआर पता किया तो 15 आईएमईआई नंबर और सौ से उपर फर्जी सिम कार्ड का डाटा मिला जो अलग अलग बैंक से लिंक थे और उनमें करोड़ों रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ था। इस दौरान सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि सभी नंबर महाराष्ट्र के डोंबीवली इलाके में ही एक्टिव थे।

### डिलवरी ब्वाय तक...

वहां से पांच नग लैपटॉप और 14 एंड्राइड मोबाइल जब्त किए गए। उनका तकनीकी परीक्षण से यह भी पता चला कि आरोपियों द्वारा साइबर फ्राड के अलावा आनलाइन बेटिंग एप भी संचालित किया जा रहा था। सभी बैंक खातों की जानकारी लेने पर पता चला कि इससे लगभग 50 करोड़ रुपए से ऊपर का ट्रांजेक्शन किया गया है।

### छग में भी होगी...

एसआईआर का दूसरा चरण चार नवंबर को गणना प्रक्रिया के साथ शुरू होगा और यह चार दिसंबर तक चलेगा। निर्वाचन आयोग नौ दिसंबर को मसौदा मतदाता सूची जारी करेगा और अंतिम मतदाता सूची सात फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। कुमार ने असम के संदर्भ में कहा कि इस प्रदेश में नागरिकता अधिनियम का एक अलग प्रावधान लागू होता है। उनका कहना था, 'नागरिकता अधिनियम के तहत, असम में नागरिकता के लिए अलग प्रावधान हैं। उच्चतम न्यायालय की निगरानी में नागरिकता की जांच का कार्य लगभग पूरा होने वाला है। 24 जून का एसआईआर आदेश पूरे देश के लिए था। ऐसी परिस्थितियों में यह असम पर लागू नहीं होता। उन्होंने कहा, इसलिए असम के लिए अलग से पुनरीक्षण आदेश जारी किए जाएंगे और एसआईआर की एक अलग तिथि घोषित की जाएगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि मौजूदा एसआईआर स्वतंत्रता के बाद से ऐसी नौवीं कवायद है और पिछला एसआईआर 21 वर्ष पहले 2002-04 में हुआ था। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की गई और इसको लेकर कोई भी अपील नहीं आई जो इस कवायद की सबसे बड़ी खूबी रही। कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, दूसरा चरण 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चलाया जाएगा। एसआईआर यह सुनिश्चित करेगा कि कोई भी योग्य मतदाता का नाम छूट न जाए और किसी भी अयोग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल न हो।

### सड़क पर प्रदर्शन,...

पर उतर आए। लोगों ने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की। कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सौंपा गया, नारे लगे — रफ्तार के हत्यारे को सजा दो! इस दौरान साहू समाज के पदाधिकारी बड़ी संख्या में थाने के सामने मृतक के शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किए प्रशासन के काफी मशक्कत व आश्वासन के पश्चात सड़क से हटे शाम तक सैकड़ों लोग सिटी कोतवाली के बाहर जमा हो गए। परिजनों ने कहा —अगर पुलिस समय पर कार्रवाई करती तो इतने लोग घायल नहीं होते! घंटों तक चला प्रदर्शन, शहर में तनाव की स्थिति बनी रही। गौरतलब है कि रविवार रात करीब 8 बजे, कंतेली के पास कसार पेट्रोल पंप के सामने से गुजर रही कार में बैठे भीखम राम साहू (27 वर्ष) और उनके साथी जीवन राम साहू (29 वर्ष) ग्राम बैजलपुर से छट्ठी के कार्यक्रम से वापस वाहन क्रमांक सी जी 07 सी ए 7581 से अन्य परिवार जनों के साथ अपन गांव बगौद लौट रहे थे। अचानक पीछे से आई डिफेंडर ने उन्हें जोरदार टक्कर मारी। धक्का इतना भयानक था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए, और जीवन राम साहू की मौके पर मौत हो गई वहीं साथ में वाहन पर सवार तीन हालत गंभीर बनी हुई है। बहरहाल इस रफ्तार ने सड़क के रास्ते भर दर्जनों लोगों को अपनी चपेट में लेता रहा लेकिन इस तेज दौड़ती डिफेंडर कार की चपेट से छह लोग जहां घायल हुए वही — तीन की हालत गंभीर ओर चिंताजनक बताई गई है। जिन्हें रायपुर रेफर किया गया। वही आरोपी युवक मेहर सिंह सलूजा उर्फ क्रिश (19 वर्ष) को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया। हादसे की खबर जैसे ही शहर में फैली, जनता का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित भीड़ आरोपी के घर पहुंची और तोड़फोड़ शुरू कर दी। कुछ युवकों ने आग लगाने की भी कोशिश की, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह हालात काबू में किए। रातभर फोर्स तैनात रही, और बेमेतरा की गलियों में सायरन और पुलिस वाहन घूमते रहे। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपी चालक मेहर सिंह सलूजा उर्फ क्रिश पिता बलमीत सलूजा उर्फ बंटी (उम्र 19 वर्ष, निवासी बेमेतरा) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर धारा 281, 125(ए), 105 बीएनएस तथा 112/183 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि कठोर विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया। और आगे की जांच जारी है।

### शाह ने फिर दोहराया...

आत्मसमर्पण कर दिया। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में 21 माओवादियों ने अपने हथियार सौंपकर आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें से 13 'वरिष्ठ काडर' थे।' गृह मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के आह्वान पर हिंसा का त्याग कर मुख्यधारा में शामिल होने के लिए आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों की सराहना की और कहा कि वह उन नक्सलियों से जल्द से जल्द आत्मसमर्पण करने की अपील करना चाहते हैं जो अब भी बंदूकें थामे हुए हैं। उन्होंने कहा, हम 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद का सफाया करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### 3 नवंबर को पेश...

नहीं हुए तो उन पर जुर्माना लगाया जाएगा या कठोर कदम उठाए जाएंगे। सभी मुख्य सचिव 3 नवंबर को यहां उपस्थित रहें वरना हम ऑडिटोरियम में अदालत लगाएंगे। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की तीन सदस्यीय विशेष पीठ ने कहा कि केवल दिल्ली नगर निगम और पश्चिम बंगाल तथा तेलंगाना राज्यों ने ही शीर्ष अदालत के 22 अगस्त के आदेश के अनुपालन में अपने हलफनामे दाखिल किए हैं। पीठ ने अनुपालन हलफनामा दाखिल न करने के लिए अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की आलोचना करते हुए कहा कि 22 अगस्त के हलफनामे में सब कुछ कहा गया था। पीठ आवारा कुत्तों से संबंधित एक स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी।

### चक्रवाती तूफान मोंथा...

जाने के लिए समझा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि निकासी अभियान में गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांग व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जा रही है और बारिश एवं हवा की तीव्रता बढ़ने से पूर्व यह प्रक्रिया सोमवार शाम पांच बजे तक पूरी हो जाएगी। कुछ लोगों के राहत केंद्रों में जाने से हिचकिचाने पर पुजारी ने कहा कि जब वे चक्रवात केंद्रों में शरण लेंगे तो पुलिस उनके घरों की सुरक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि चक्रवात आश्रय स्थलों पर लोगों के लिए भोजन, दवा, रोशनी सहित सभी व्यवस्थाएं की गई हैं और पालतू पशुओं की भी देखभाल की जा रही है। पुजारी ने कहा कि अब तक राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल (ओडीआरएएफ), ओडिशा अग्निशमन सेवा और अन्य की 128 बचाव टीमें (5,000 से अधिक कर्मी) आठ संवेदनशील जिलों मलकानगिरी, कोरापुट, नबरंगपुर, रायगढ़ा, गजपति, गंजम, कालाहांडी और कंधमाल में तैनात की जा चुकी हैं। मंत्री ने कहा कि इन आठ जिलों के लिए अत्यधिक भारी वर्षा और तेज हवाओं (80 किलोमीटर प्रति घंटे तक की गति) का पूर्वानुमान लगाते हुए 'रेड वॉर्निंग' (कार्रवाई करें) जारी की गई है। उन्होंन कहा कि राज्य सरकार ने 'सभी की सुरक्षा' के लक्ष्य के साथ मनुष्यों और पशुओं को बचाने के लिए सभी प्रबंध किए हैं। उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों विशेषकर गजपति, कोरापुट और मलकानगिरी जिलों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जहां भूस्खलन की आशंका है। पुजारी ने कहा कि बारिश सोमवार को शुरू होगी, लेकिन 28 और 29 अक्टूबर को बारिश और हवा की तीव्रता बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि चक्रवात 'मोंथा' के प्रभाव के कारण मलकानगिरी, कोरापुट, नबरंगपुर, गजपति और गंजम जिलों से चक्रवात से पहले हल्की बारिश की खबरें आई हैं। चक्रवात 'मोंथा' 18 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पूर्वी तट की ओर बढ़ रहा है। थाई भाषा में 'मोंथा' का अर्थ सुगंधित फूल या सुंदर फूल होता है। मंत्री ने बताया कि यह तूफान विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) से 600 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व में तथा गोपालपुर (ओडिशा) से 750 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है।

### जस्टिस सूर्यकांत होंगे...

केंद्रीय विधि मंत्रालय से न्यायमूर्ति सूर्यकांत के नाम की सिफारिश की है। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में 24 मई, 2019 को पदोन्नत हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत का प्रधान न्यायाधीश के रूप में कार्यकाल एक साल 2 महीने से अधिक होगा। वह 9 फरवरी, 2027 को सेवानिवृत्त होंगे। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष है। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति, स्थानांतरण और पदोन्नति के दिशानिर्देश संबंधी प्रक्रिया ज्ञापन के अनुसार भारत के प्रधान न्यायाधीश के पद पर नियुक्ति के लिए उच्चतम न्यायालय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश को चुना जाना चाहिए, जिन्हें पद धारण करने के लिए उपयुक्त माना जाता है। इसके अनुसार केंद्रीय कानून मंत्री, 'उचित समय पर', निवर्तमान प्रधान न्यायाधीश से उनके उत्तराधिकारी की नियुक्ति के लिए अनुशंसा प्राप्त करेंगे। परंपरागत रूप से, यह पत्र वर्तमान प्रधान न्यायाधीश के 65 वर्ष की आयु होने पर सेवानिवृत्त होने से एक महीने पहले भेजा जाता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत का जन्म 10 फरवरी, 1962 को हरियाणा के हिसार जिले में एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था। वह 24 मई, 2019 को शीर्ष अदालत में न्यायाधीश बने।

### एआई से तैयार...

खाकर जान दे दी। परिजनों ने पुलिस में दर्ज शिकायत में कहा कि करीब दो हफ्ते पहले किसी ने राहुल का मोबाइल फोन हैक कर लिया था। राहुल के पिता मनोज भारती ने आरोप लगाया कि फोन हैक होने के बाद कुछ लोगों ने एआई का इस्तेमाल करके राहुल और उसकी तीन बहनों के फर्जी अश्लील तस्वीर और वीडियो बना लिए। उन्होंने कहा कि व्हॉट्सऐप पर ये फर्जी तस्वीरें और वीडियो भेजकर राहुल से लगभग 20,000 रुपये की मांग की गई। मनोज ने बताया, आरोपियों ने राहुल को धमकी दी थी कि अगर उसने रुपए नहीं दिए, तो वे ये तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित कर देंगे। इससे वह बेहद तनाव में आ गया था। वह ठीक से खाना भी नहीं खा रहा था। उन्होंने कहा, शनिवार शाम करीब सात बजे राहुल ने अपने कमरे में सल्फास की गोलियां निगल लीं। हम तुरंत उसे अस्पताल ले गए, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी विष्णु प्रसाद ने कहा, साइबर अपराध का यह गंभीर मामला एआई तकनीक के दुरुपयोग का उदाहरण है। हम तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों का पता लगा रहे हैं और उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक, मनोज भारती का परिवार मूल रूप से बिहार के सीवान जिले का रहने वाला है और पिछले 50 वर्षों से फरीदाबाद में रह रहा है। पुलिस ने बताया कि मनोज की तीन बेटियों में से दो की शादी हो चुकी है और राहुल उनका सबसे छोटा बेटा था।

### इधर, सुप्रीम कोर्ट...

केंद्र शासित प्रदेश, जहां तक संभव हो, दो महीने के भीतर सभी निजी कोचिंग केंद्रों के लिए पंजीकरण, छात्र सुरक्षा मानदंड और शिकायत निवारण तंत्र अनिवार्य करने वाले नियम अधिसूचित करें। सोमवार को सुनवाई के दौरान, पीठ को बताया गया कि जुलाई के फैसले में, केंद्र को 90 दिनों के भीतर अदालत के समक्ष अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने निर्देश दिया कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस मामले में प्रतिवादी बनाया जाए और वे आठ सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल कर सकते हैं। मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2026 में करना तय किया गया।

### पंखे से लटका...

धुले के अस्पताल में रेफर किया गया, जहां 24 अक्टूबर की रात करीब साढ़े बारह बजे इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। बता दें सचिन 'जामतारा 2' में नजर आए थे।और वो जल्द ही फिल्म 'असुरवन' में भी दिखाई देने वाले थे। सचिन चांदवडे महाराष्ट्र के जलगांव जिला स्थित उंदिरखेडे गांव के रहने वाले थे। उनकी मौत से ना सिर्फ उनके गांव, बल्कि पूरे तालुका में शोक की लहर है। उनके परिवार में मातम पसरा हुआ है तो वहीं, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री और सचिन के दोस्तों और फैन्स में भी गम का माहौल है।

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • कैमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श–राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते है तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
94060-21769

# हरिभूमि Classified

epaper- www.haribhoomi.com

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-घर के खाना पकाने के काम के लिए जिसको वेज, नॉनवेज, चाइनीस, सूप, रोटी, पराठा, मेगी, ममो आदि बनाने के काम आता हो तो सम्पर्क करें- (सिर्फ पुरुष) 9981398787, 89639 95637 **(38981)**

**आवश्यकता है**-Philips, Ahuja टीवी, डीजे शोरूम में चार लड़के, स्टोर मैनेजर चाहिए वेतन 8000 से 10000 नये और अनुभवी व्यक्ति सम्पर्क करें- कपूर चन्द & सन्स सदर बाजार, करोना चौक, बिलासपुर 96850 05500 **(38982)**

**आवश्यकता है**-दुकान में काम करने के लिए दो युवकों की आवश्यकता है वेतन 9000 से 13000 योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- नटराज इलेक्ट्रीकल्स स्टेट बैंक के पास नया सरकंडा बिलासपुर 9098195247 **(38993)**

**आवश्यकता है**-घर की साफ सफाई हेतु महिला एवं पुरुष की। समय सुबह 9 से दोपहर 5बजे। वेतन 8000/- रहने हेतु कमरा फ्री सम्पर्क- रामा वर्ल्ड, नया बस स्टैंड, रायपुर रोड, बिलासपुर 9340600776 **(38994)**

**आवश्यकता है**-आफिस में एकाउंट कार्य हेतु लड़कियों की आवश्यकता है। जिन्हें कम्प्यूटर और मैनुअल काम का अनुभव हो। सम्पर्क करें- सुबह 8बजे से 10बजे तक 7440549458, 9300311692 **(38995)**

**आवश्यकता है**-टायर एण्ड सर्विस दुकान में अनुभवी एक टेक्नीशियन एवं एक मेहनती लड़के की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- गुरुकृपा टायर्स एण्ड सर्विसेज गाँधी चौक बिलासपुर 98271 68468 **(38989)**

**आवश्यकता है**-वेटर/ सफाईकर्मी साफ सफाई हेतु 1पद की आवश्यकता है वेतन 10000 प्रतिमाह बाहरी को रहना खाना निःशुल्क। सम्पर्क करें- प्रबंधक अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 98279 40898, 9406390898 **(38990)**

**आवश्यकता है**-OMI कम्पनी में ऑफिस हेतु लड़के लड़कियों की। योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट उम्र 18 से 28, आय 8500 से 18000 रहना खाना, पता- न्यू बस स्टैण्ड तिफरा बिलासपुर 8818877406, 9644433021 **(38991)**

**आवश्यकता है**-बकुल अगरबत्ती में छोटा हाथी और वैन चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गुरुद्वारा के पास मेन रोड दयालबंद बिलासपुर 96442 34567 **(38988)**

**आवश्यकता है**-नौकरी अवसर क्राउन पब्लिशिंग, सरकंडा, बिलासपुर में MS Office Tally एकाउंटिंग में 1 से 2 वर्ष अनुभव वाले 12वीं से स्नातकोत्तर लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7974794530 **(38983)**

**आवश्यकता है**-अनुभवी रिसेपशनिस्ट हॉस्पिटल मैनेजमेन्ट, अनुभवी PRO फील्ड वर्क अनुभवी, अनुभवी नर्सिंग स्टाफ, X-RAY टेक्नीशियन सीपत के लिए चाहिए। सम्पर्क करें- प्रभा हॉस्पिटल, महामाया चौक, रतनपुर रोड लोधीपारा सरकंडा बिलासपुर 7470946314 **(38987)**

**आवश्यकता है**-होटल में 2 हाउस कीपिंग 2 सहायक रसोई+ (Service) लड़के चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार रहना खाना सम्पर्क करें- सुबह 11बजे से 1बजे, शाम 5बजे से 7बजे राजकिशोर नगर बिलासपुर 07752408085 **(38984)**

**आवश्यकता है**-बिलासपुर के प्रतिष्ठित संस्थान में कार्य करने हेतु चपरासी पद- 1 की आवश्यकता है योग्यता 12वीं पास अधिकतम अनुभव-5 साल वेतन- योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 7610320000 **(38985)**

**आवश्यकता है**-कृष्णा मल्टी स्पेशलिस्ट डेन्टल क्लीनिक में स्टाफ की आवश्यकता है जरूरतमन्द लड़के/ लड़कियां सम्पर्क करें- सुबह 10 से 2बजे तक, सिम्स गेट नं.-3 के सामने प्रिंस कॉम्प्लेक्स बिलासपुर 9617773900 **(38950)**

**आवश्यकता है**-अनुभवी नशा मुक्त कार ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन रुपये 15000 प्रतिमाह। सम्पर्क करें- लछमन सीमेन्ट सदर बाजार बिलासपुर समय सुबह 11बजे से दोपहर 1बजे तक **(38992)**

**आवश्यकता है**-विज्ञापन एजेंसी में कार्य करने हेतु इलेक्ट्रीशियन, डाईवर,ऑफिस एक्जीक्यूटिव, सुपरवाइजर एवं लेबर कार्य (फ्लैक्स माउंटिंग) हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। पता- सी-15, ग्राउण्ड फ्लोर, नारायण प्लाजा बिलासपुर 6264550163 **(38972)**

**आवश्यकता है**-इलेक्ट्रीकल होलसेल दुकान में मार्केटिंग (फिल्ड वर्क) एवं दुकान में रहकर काम करने वाले लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- श्री देवेश इन्टरप्राइजेस पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 8770965033, 98271 87037 **(38974)**

**आवश्यकता है**-रेडिमेड मेन्स वियर दुकान में काम करने के लिए हेल्पर की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- शगुन मेन्स वियर सिम्स के सामने मेन रोड बिलासपुर **(38964)**

**आवश्यकता है**-त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल सरगांव में इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, फैक्ट्री सुपरवाइजर, ट्रांसपोर्ट इंचार्ज, वार्डन, फिटर, प्लम्बर, मेस कुक (फीमेल), मेस हेल्पर (फीमेल) सुरक्षा गार्ड एवं हाउस कीपिंग स्टाफ चाहिए। सम्पर्क करे- त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल सरगांव सिटी ऑफिस F-38, अम्बे प्लाजा, हाईटेक बस स्टैण्ड के सामने तिफरा बिलासपुर अपना डॉक्यूमेंट व्हाट्सएप करे या मिले समय सुबह 10 से शाम 6 बजे तक 8871681271 **(38955)**

**आवश्यकता है**-सिविल साइट सुपरवाइजर, इंजीनियर (autocad, structural knowledge साइट चलाने योग्य) एवं ऑफिस, साइड वर्क, रजिस्ट्री राजस्व विभाग डायवर्सन नामांतरण नगर निगम संबंधी कार्य हेतु अनुभवी मैनेजर चाहिए सम्पर्क- 97707 70000, 9827072000 **(38934)**

**आवश्यकता है-चश्मा दुकान में काम करने के लिए लड़के की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सपना चश्मा घर सिटी कोतवाली के पीछे तेलीपारा रोड बिलासपुर 9827110803 (38979)**

**आवश्यकता है**-पेंट्स दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- रंग महल पेंट्स रायपुर रोड जरहाभाटा बिलासपुर 9826412398 **(38977)**

**आवश्यकता है**-टेन्ट हाउस में अकाउन्ट कार्य के अनुभवी एवं कम्प्यूटर जानकार युवक की आवश्यकता है अनुभवी ही सम्पर्क करें- बिलासपुर 8001975775 **(38965)**

**Requirment**-Urgent Requirement for Bilaspur Location (1) Receptionist-2 (2) Cashier-1 (3) Indian Cook-1 (4) Assistant Accountant (Tally Must be Required)-2 (5) Sales Executive-1 (6) HK Attendant-1. Salary as per experience. Interested candidates share their CV HR@.addgreen-groups.com 9109616397 **(38957)**

**आवश्यकता है**-ज्वेलरी शॉप में काम करने के लिए सेल्स मैनेजर- 1, सेल्स- 3 (M/F), ऑफिस बॉय- 1 एवं ड्राइवर- 1 की आवश्यकता है अनुभवी ही सम्पर्क करें- 9888899514 **(38958)**

**आवश्यकता है**-घरेलू कार्य करने हेतु महिला/ लड़की की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- पाटलिपुत्र कॉलोनी लोयला स्कूल के बाजू में वसंत विहार चौक बिलासपुर 7974770055, 88899 97826 **(38966)**

**आवश्यकता है**-बिलासपुर के प्रतिष्ठित संस्थान को 2 पद कार ड्राइवर की आवश्यकता है अनुभव 7 वर्ष से अधिक, नशा मुक्त, वेतन योग्यता अनुसार आधार कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस सहित सम्पर्क करें- 76103 20000 **(38963)**

**आवश्यकता है**-सुपर बाजार में कार्य हेतु केवल Busy साफ्टवेयर अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है। वेतन 12000 से 15000 सम्पर्क करें- यश सुपर बाजार रिंग रोड नं-2 गौरव पथ बिलासपुर 9329941444 **(38947)**

**आवश्यकता है**-टाईल्स शोरूम में काम करने के लिए सेल्समैन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्री गणेश टाईल्स एण्ड ट्रेडिंग सीएमडी कॉलेज के पास लिंक रोड बिलासपुर 93003 33577, 9827111565 **(38948)**

**आवश्यकता है**-नर्सरी से 12वीं तक पढ़ाने हेतु अनुभवी/ फ्रेशर महिला टीचर्स एवं पुरुष सफाईकर्मी चाहिए सम्पर्क करें- (9-2 बजे) संस्कार स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र के सामने बाजार के पास उसलापुर 74405 49466, 9691259615 **(38949)**

**आवश्यकता है**-होटल में कार्य करने हेतु मिस्त्री, हेल्पर एवं रोटी बनाने तथा बर्तन धोने हेतु बाई की तत्काल आवश्यकता है सम्पर्क करें- फुड जोन ईदगाह रोड बिलासपुर 9039791624 **(38951)**

**आवश्यकता है**-केयर टेकर (देखरेख करने वाली) बच्चों एवं घरेलू काम हेतु और गौशाला के काम हेतु स्त्रियों, पुरुषों या परिवार की। रहना खाना फ्री, आकर्षक वेतन सम्पर्क- केरा रोड जांजगीर मो. 8600012354 **(38970)**

**आवश्यकता है**- सिक्यूरिटी एजेन्सी में गार्ड कार्य करने हेतु इच्छुक व्यक्ति की आवश्यकता है न्यूनतम योग्यता 10वी पास अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- उमा सिक्यूरिटी सर्विसेज बिलासपुर 9981630084, 942553 4940 **(338)**

**आवश्यकता है**-महिला केयर टेकर की आवश्यकता है बुजुर्ग महिला की देखरेख करना है रहने खाने पीने की व्यवस्था है बीपी शुगर चेक करना आता हो बैतलपुर (सरगांव) के लिए सम्पर्क करें- 8103780945 **(6749)**

**आवश्यकता है-पैट्रोल पम्प में कार्य हेतु सिर्फ अनुभवी चार्ज मेन की आवश्यकता है सम्पर्क करें- कुमार सर्विस सेन्टर घण्टाघर कोरबा 99937 25080 (20980)**

**आवश्यकता है**-जूनी लाइन क्लीनिक में रिसेप्शनिस्ट 1 पोस्ट, अज्ञेय नगर में खाना बनाने हेतु 1 पोस्ट, अज्ञेय नगर में 6 माह के बच्चे की देखभाल हेतु 1 पोस्ट चाहिए सम्पर्क करें- 9039339113 **(38953)**

**आवश्यकता है**-UTN शॉप में सर्वे कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 15000 तक पता- शॉप नं- 16 प्रथम तल सीएलसी प्लाजा मंगला चौक विलासपुर 7806007192, 7999594790 **(38954)**

**आवश्यकता है**-ढाबा में काम करने हेतु वेटर, तन्दूर मास्टर हेड मिस्त्री, हेल्पर, बर्तन धोने वाले की आवश्यकता है सम्पर्क करें- नया हाईकोर्ट के पास, रायपुर रोड बिलासपुर 7000942962, 90989 76666 **(38946)**

**आवश्यकता है**-बिलासपुर की निर्माणाधीन कॉलोनी में सिविल कॉन्ट्रैक्टर छत नापी+ आइटम रेट शटरिंग कॉन्ट्रैक्टर लोहार की। सम्पर्क करें- 7999245462, 79700 10956, 7970010973 **(337)**

**आवश्यकता है**-पेट्रोल पम्प पर कार्य हेतु मैनेजर, एकाउन्टेंट, पेट्रोल डालने हेतु लड़को की। सम्पर्क करें- लाल बहादुर नगर, चिचौला बार्डर राजनांद गांव 8109411676, 6263558400 **(6997)**

**आवश्यकता है**-टेलीकॉलिंग हेतु युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है योग्यता 8वीं, 10वीं से ग्रेजुएशन वेतन 5000 कमीशन सम्पर्क-तोरवा धान मंडी बिलासपुर 62669 68312 **(340)**

**आवश्यकता है**-नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो सम्पर्क करें- 9241054300 **(590)**

## बेचना

**बेचना है**-बिलासपुर में रेल्वे स्टेशन से 1km दूर गणेश नगर जीनत विहार गली नम्बर- 2, फेस-II, में स्थित फ्लैट नम्बर- 26FF (First Floor) में 2BHK फ्लैट बेचना है। सम्पर्क करें- 9893019659 **(38945)**

**बेचना है**-नेहरू चौक से 320 मीटर दूर स्थित इंजीनियर कॉलोनी में 2160 वर्गफुट जमीन पर 1361 वर्गफुट में बना मकान मूल्य 72लाख शीघ्र बेचना है। खरीददार ही सम्पर्क करें-7648017211 **(38971)**

**बेचना है**-यदुनन्दन नगर तिफरा में पूर्व मुखी लाल ईट से बना डबल स्टोरी न्यू 3BHK मकान। फालसीलिंग मॉड्यूलर किचन, स्टील रेलिंग, सीसी रोड, सागौन दरवाजा, कामन बोर, कीमत 40लाख। सम्पर्क- 79871 66040 **(38967)**

**बेचना है**-सृष्टि समृद्धि कालोनी रायपुर रोड रामा वैली के पास में 1000 वर्गफुट में निर्मित डुप्लेक्स 3BHK कंस्ट्रक्शन एरिया 1600 वर्गफुट सर्व सुविधायुक्त मकान बेचना है सम्पर्क करें- 9302550798 **(38944)**

**बेचना है**-श्री राम पार्क कॉलोनी सकरी, बिलासपुर राष्ट्रीय राज मार्ग के बगल में 30×50 वर्गफीट पूर्व मुखी, आवासीय टीएनसी रेरा स्वीकृत प्लॉट बेचना है सम्पर्क करें- 91655 36159 **(38980)**

**बेचना है**-बिलासपुर के प्राइम लोकेशन महाराणा प्रताप चौक साईं बाबा हॉस्पिटल के पास 2BHK स्वतंत्र मकान बेचना है फाइनेंस सुविधा उपलब्ध सम्पर्क करें- 6265041277, 84619 97770 **(339)**

## किराया

**किराया**-नवनिर्मित डुप्लेक्स मकान किराए पर देना है मारुति शोरूम के बगल में संकल्प कॉलोनी बिलासपुर मोपका सम्पर्क करें- 8319429924 **(27442)**

**किराया**-बिलासपुर शहर में सिम्स चौक जूनीलाइन मोड़ पर कोसा क्रियेशन शोरूम के ऊपर फर्स्ट फ्लोर पर 1250 वर्गफुट हॉल, दो टायलेट, कमरा सहित बैंक, ऑफिस, डॉक्टर ग्रुप, ओपीडी, ब्लड बैंक, एक्सरे, सोनोग्राफी, स्टडी सेन्टर, रेस्टोरेंट अन्य व्यवसाय हेतु किराये से देना है सम्पर्क करें- 9340664511 **(38972)**

**किराया**-बिलासपुर यातायात नगर परसदा ट्रांसपोर्ट नगर से 500 मीटर दूर पानी टंकी के सामने 13×26 की दुकान एवं गोदाम के लिये किराये पर उपलब्ध है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- 8878540324 **(38956)**

**Rent**-3 Bed room Furnished House for rent in Ameri road nehru nagar Bilaspur Contact- 9926942759, 8251061144 **(27620)**

## किराये पर चाहिए

**किराये पर चाहिए**-बिलासपुर शहर में 1BHK अथवा 2BHK का सर्व सुविधा युक्त मकान किराये पर चाहिए। किराये पर मकान देने वाले इच्छुक मकान मालिक सम्पर्क करें- 7987027107 **(38978)**

## व्यापार

**व्यापार**-जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रतिमाह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित सम्पर्क करें- APS इंटरप्राइजेस रायपुर- 91117 60925, 9977676447, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, अंबिकापुर- 8827848099 **(302)**

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

### सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे- दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाईजर्स:- | मो. 9300659628 |
| भार्गव एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |

# माता कौशल्या धाम में लाखों की गुमटियां हो रहीं कबाड़, 4 साल में नहीं कर पाए आवंटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कांग्रेस के शासन काल में राजधानी रायपुर के चंदखुरी स्थित कौशल्या मंदिर धाम का जीर्णोद्धार करते हुए इस धाम के बाहर झोपड़ीनुमा अस्थाई दुकान लगाने वाले छोटे व्यापारियों के लिए पर्यटन विभाग ने योजना के तहत आकर्षक चलित 10 गुमटियां बनवाई थीं।

इन गुमटियों का रियायत मासिक किराये पर व्यापारियों को आवंटन किया जाना था, लेकिन इन दुकानों को मंदिर के बाहरी परिसर में रखे चार साल बीत गए हैं, अब तक इन गुमटियों को आवंटित नहीं किया गया है, जिसके कारण खाली पड़ी गुमटियां अब कबाड़ में तब्दील होने लगी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में शासन ने राम वनगमन पथ योजना के तहत चंदखुरी स्थित माता कौशल्या मंदिर का जीर्णोद्धार कर इसे अलौकिक धाम का स्वरूप दिया। तालाब के बीच स्थित इस धाम को काफी खूबसूरत ढंग से बनाया गया है, जिसमें गॉर्डन से लेकर लोगों के बैठने के लिए जगह-जगह पत्थरों की बेंच, पेयजल आदि सभी की व्यवस्था है। अलौकिक धाम में परिवर्तित होने के बाद मंदिर में माता कौशल्या के दर्शन करने और धाम को देखने के लिए श्रद्धालुओं व पर्यटकों की भीड़ में भारी इजाफा भी हुआ है। खासकर त्योहारों तथा छुट्टियों के दिन इस मंदिर में भक्तों के साथ सैलानियों की भी भारी भीड़ पहुंचती है।

**खास बात**

- स्थानीय व्यापारियों के लिए 10 आकर्षक चलित गुमटियां

### आवंटन के लिए मंदिर समिति को दी गई थी जिम्मेदारी

इन गुमटियों का आवंटन करने के लिए मंदिर की समिति को जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन समिति के पदाधिकारी इतने साल के बाद भी गुमटियों का आवंटन कर नहीं पाए। हालांकि समिति के अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा का कहना है कि दुकान लगाने वालों की संख्या 25 से ज्यादा है। ऐसे में 10 दुकानों के आवंटन करने पर विवाद की स्थिति बन रही है। यही कारण है कि अब तक इन गुमटियों का आवंटन नहीं हुआ है।

### 20 लाख से अधिक कीमत की गुमटियां हो रहीं कबाड़

स्थानीय लोगों को आवंटन के लिए बनाई गई गुमटियां काफी आकर्षक हैं। सूत्रों के अनुसार प्रत्येक गुमटी के निर्माण में दो से ढाई लाख रुपए खर्च हुआ है। इस तरह 10 गुमटियों की कुल कीमत लगभग 20 लाख या उससे अधिक है। इस तरह लाखों खर्च कर बनवाई गई ये गुमटियां पिछले लगभग चार साल से खाली पड़ी हुई हैं।

### स्थानीय लोगों ने कहा-खाली रखने से अच्छा आवंटन कर देते

धाम के बाहर परिसर में दुकान लगाने वाले लोगों में मन्नू साहू सहित अन्य लोगों का कहना है कि चार साल से दुकानें खाली पड़ी हुई हैं। अगर आवंटन कर देते तो कम से कम दुकानों का मेंटनेंस एवं किराया या एकमुश्त राशि समिति को मिलती।

### स्थानीय लोगों को रोजगार का अवसर बढ़ाने 10 आकर्षक गुमटियां बनवाई गईं

कौशल्या मंदिर के धाम में बदलने के बाद धाम के बाहरी परिसर में गांव के स्थानीय लोग झोपड़ीनुमा छोटी-छोटी दुकान बनाकर यहां पूजा सामग्री से लेकर सजावट के अन्य सामान, मिठाई, कोल्ड्रिंग, पानी आदि की दुकानें भी लगाने लगे थे। इसे देखते हुए पर्यटन विभाग ने एक योजना के तहत गांव के स्थानीय लोगों में रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से 10 आकर्षक गुमटियां बनाई गईं। इन गुमटियों को मासिक न्यूनतम किराए पर स्थानीय लोगों को आवंटित किया जाना था।

# 3 स्थानों पर वर्किंग वूमन हॉस्टल, टेंडर में आया 6.7 फीसदी अधिक रेट

**रायपुर।** शहर में बाहर से आकर काम करने वाली कामकाजी महिलाओं के लिए राहत भरी खबर है। रायपुर नगर निगम राजधानी के अलग-अलग 3 स्थानों पर वर्किंग वूमन हॉस्टल का निर्माण कराने जा रहा है। समता कालोनी स्थित भैंसथान की जमीन, पंडरी स्थित पुराने बस स्टैंड के पास वाली खाली पड़ी जमीन और टिकरापारा क्षेत्र के नरैया तालाब के पास की खाली पड़ी जमीन पर वर्किंग वूमन हॉस्टल बनाया जाएगा।

- 45 करोड़ का प्रोजेक्ट, दर स्वीकृति के लिए सामान्य सभा में ला रहे प्रस्ताव

45 करोड़ के इस प्रोजेक्ट के लिए नगर निगम ने ऑनलाइन टेंडर किया। इसमें श्रीजी कंपनी ने 6.7 फीसदी अधिक रेट कोड किया है। इस लिहाज से तीन वर्किंग वूमन हॉस्टल निर्माण की लागत 48 करोड़ आएगी। दर की स्वीकृति के लिए निगम की 29 अक्टूबर को होने वाली सामान्य सभा में यह प्रस्ताव रखा जाएगा।

### 18 माह की समय अवधि में निर्माण

कामकाजी महिलाओं को शहर के बीच सुरक्षित, सुविधाजनक और किफायती आवास उपलब्ध कराने के मकसद से बनाए जाने वाले वर्किंग वूमन हॉस्टल का निर्माण अनुबंधित एजेंसी को वर्कआर्डर जारी होने की तारीख से 18 माह की समय अवधि के दौरान करना होगा।

### पीपीपी मोड पर होगा संचालन

प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि वर्किंग वूमन हॉस्टल का संचालन और संधारण पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर किया जाएगा। 3 स्थानों पर वर्किंग वूमन हॉस्टल निर्माण कार्य के पूरा होने के बाद नगर निगम इसके संचालन और संधारण करने के लिए एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर करेगा।

## यह केवल खूबसूरत इमारत नहीं, हमारी संस्कृति और परंपरा का वाहक: साव

# डिप्टी सीएम साव ने लिया छत्तीसगढ़ विस भवन के लोकार्पण की तैयारियों का जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने सोमवार को नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण की तैयारियों का निरीक्षण किया। वन मंत्री केदार कश्यप भी इस दौरान उनके साथ थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 1 नवम्बर को राज्योत्सव के मौके पर विधानसभा के नए भवन का लोकार्पण करेंगे। वे विधायकों और आमंत्रित अतिथियों को संबोधित भी करेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने नवीन विधानसभा परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की मूर्ति के अनावरण स्थल, विधानसभा के सदन और मंचीय कार्यक्रम के स्थल का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। नवा रायपुर के सेक्टर-19 में मंत्रालय और विभागाध्यक्ष कार्यालय के पीछे 51 एकड़ परिसर में विधानसभा का नया भवन बनाया गया है।

### रजत जयंती पर मिलने जा रहा आधुनिक भवनः साव

उन्होंने लोकार्पण की तैयारियों का निरीक्षण करते हुए कहा, 1 नवम्बर का दिन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विधानसभा के नए भवन को छत्तीसगढ़ की जनता को समर्पित करेंगे। नया राज्य बनने के बाद वर्ष 2000 में रायपुर के राजकुमार कॉलेज से शुरू हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा को 25 वर्षों के बाद रजत जयंती वर्ष में खुद का भव्य और आधुनिक भवन मिलने जा रहा है। हमारा यह नया विधानसभा भवन केवल एक खूबसूरत इमारत ही नहीं है, बल्कि हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपरा का वाहक भी है।

### जरूरी व्यवस्था और तकनीक का समावेश

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि नए विधानसभा भवन को वर्तमान और भविष्य की जरूरत के हिसाब से बनाया गया है। आधुनिक, सर्वसुविधायुक्त, सुसज्जित इसके सदन को 200 सदस्यों के बैठने के लिए विस्तारित किया जा सकता है। भविष्य में पेपरलेस विधानसभा संचालित हो सके, इसके लिए जरूरी व्यवस्थाओं और तकनीकों का समावेश किया गया है।

## राज्योत्सव में तीन लाख परिवारों को पीएम आवास योजना की देंगे चाबी

**डिप्टी सीएम साव, मंत्री ओपी चौधरी और केदार कश्यप कर रहे मानिटरिंग**




राज्योत्सव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौरे की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी करीब साढ़े तीन लाख परिवार को पीएम आवास की चाबी सौंपेंगे। साथ ही करीब 12 सौ करोड़ रुपए आवास योजना के हितग्राहियों के खाते में अंतरित करेंगे। बस्तर, सरगुजा, और अन्य जिलों के पांच से दस आवास योजना के हितग्राहियों को पीएम खुद चाबी दे सकते हैं। मोदी का गारंटी में 18 लाख पीएम आवास का निर्माण शामिल था। सरकार बनने के बाद आवास निर्माण के काम को प्राथमिकता से किया जा रहा है। सभी जिलों में पीएम आवास योजना के तहत हितग्राहियों को सहायता प्रदान की जा रही है। स्वीकृत आवासों के निर्माण की लगातार निगरानी कर किश्तों के भुगतान की जा रही है। छत्तीसगढ़ को केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 8,46,931 आवासों की स्वीकृति मिली है। इसमें एसईसीसी 2011 की सूची के अनुसार 6,99,331 आवास और आवास प्लस सूची के अनुसार 1,47,600 आवास शामिल हैं। आवासों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। राज्योत्सव के मौके पर जो आवास पूर्ण हो चुके हैं, उनकी चाबी सौंपी जाएगी।

### तीन मंत्रियों को दी गई मानिटरिंग का जिम्मा

रजत जयंती वर्ष में राज्य स्थापना दिवस समारोह को भव्य बनाने के लिए सरकार के तीन मंत्री डिप्टी सीएम अरूण साव, वित्तमंत्री ओपी चौधरी, और वनमंत्री केदार कश्यप को कार्यक्रम से जुड़ी व्यवस्था की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है। राज्योत्सव सरकारी कार्यक्रम है, लेकिन पार्टी संगठन ने प्रमुख पदाधिकारियों को भी दायित्व सौंपा है।प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी और क्रेडा के चेयरमैन भूपेन्द्र सिंह सवन्नी को जिले के पदाधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं को राज्योत्सव में उपस्थिति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है।

# फेसबुक पोस्ट पर बवाल, भाजपा विधायक ने थाने में की शिकायत

**रायपुर।** फेसबुक पोस्ट लेकर भाजपा-कांग्रेस के बीच एक नया विवाद छिड़ गया है। 'भूपेश है तो भरोसा है' नाम के फेसबुक पेज से एक पोस्ट किया गया, जिसके बाद भाजपाइयों ने पोस्ट को विवादित बताते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इसमें उन्होंने विशेष जाति को टारगेट कर निम्न स्तरीय टिप्पणी करने का आरोप लगाया है।

ये पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। थाने में भाजपा विधायक मोतीलाल साहू द्वारा की गई शिकायत में कहा गया है कि प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अपने जातीय समर्थकों के साथ प्रदेश में बड़े पैमाने पर जाति आधारित विभेद पैदा कर अशांति फैलाना चाहते हैं। हम सबने देखा है कि कांग्रेस शासनकाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री ने साहू बनाम बघेल का विषय बनाने की लगातार कोशिश की थी। अब प्रदेश में बुरी तरह पराजित होने के बाद वे पुनः ऐसे ही षड्यंत्र में लग गए हैं। फेसबुक पेज भूपेश है तो भरोसा है में 'कहां राजा भोज कहां गंगू तेली' पोस्ट कर सीधे तौर पर तेली समाज को गाली दी गयी है।

### मोतीलाल साहू ने भूपेश बघेल पर लगाए कई आरोप

वहीं भाजपा विधायक मोतीलाल साहू ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा, भूपेश बघेल सत्ता के लिए शांत वातावरण को अशांत कर रहे हैं। जातिगत विभेद पैदा करने की कोशिश की जा रही है। एक समाज को दूसरे से लड़ाने की साजिश कर रहे हैं। 'भूपेश है तो भरोसा है' पेज से आपत्तिजनक टिप्पणी हुई। तेली समाज को गाली देने का काम किया जा रहा है। आदिवासी सीएम विष्णुदेव साय के खिलाफ टिप्पणी कर रहे हैं। जनता ऐसी बातें बर्दाश्त नहीं करती, सख्त कार्रवाई होना चाहिए। भूपेश बघेल से भी पूछताछ होना चाहिए, जो संरक्षण दे रहे हैं।

HONDA

The Honda Joy Fest

Bring Home a Honda, Bring Home Joy

INSTANT CASHBACK UP TO ₹5000/-** | LOAN UP TO 100%* | LOW ROI @6.99%* | LOW EMI ₹49* PER DAY

^GET GST BENEFIT UP TO ₹14000/-

| MODELS | NEW PRICE (Ex- Showroom) | OLD PRICE (Ex- Showroom) | SAVINGS (Ex- Showroom) |
|---|---|---|---|
| Activa STD 2B | ₹76537 | ₹83411 | ₹6874 |
| Activa 125 2B | ₹91270 | ₹99468 | ₹8198 |
| Dio STD 2B | ₹72397 | ₹78899 | ₹6502 |
| Dio 125 STD 2B | ₹92049 | ₹100317 | ₹8268 |
| Shine 100cc 2B | ₹63372 | ₹69062 | ₹5691 |
| Shine 125 DRUM 2B | ₹78811 | ₹85890 | ₹7078 |
| SP 125 STD 2B | ₹86090 | ₹93823 | ₹7732 |
| SP 160 DISC 2B | ₹113822 | ₹124047 | ₹10225 |
| Hornet 2.0 2B | ₹145021 | ₹158049 | ₹13028 |
| Livo DRUM 2B | ₹75955 | ₹82776 | ₹6821 |
| Nx200 2B | ₹155615 | ₹169596 | ₹13980 |
| Unicorn 2B | ₹110960 | ₹120927 | ₹9967 |





Scan to download MyHonda-India Customer Connect App
HDFC BANK Credit Card | IDFC FIRST Bank Credit Cards

For more information give a missed call on 7230032200
For dealer details scan the QR Code

होंडा अधिकृत विक्रेता एवं ब्रांच : बिलासपुर: ड्रीम होंडा- 07752 -409057, उसलापुर: ड्रीम होंडा- 9516661444, बिलासपुर: सरकंडा, मौसाजी होंडा-7024149881, 07752-412121, जगमल चौक: मौसाजी होंडा- 07752 -417070, 9109690484, अम्बिकापुर : महामाया होंडा- 7489027000, जसवानी होंडा- 8358065000, बैकुंठपुर: प्रमिला होंडा- 7000405012, जांजगीर-चांपा: गट्टानी होंडा - 7694011205,7694011206, कोरबा: विशाल होंडा- 94790-25937, 99939-98122, कृष्णा होंडा- 6232103020, जशपुर : देवनारायण होंडा - 9425251702, रायगढ़: शारदा होंडा - 9300473589, शांति ऑटो होंडा - 9343609281, मुंगेली: मानसी होंडा - 9131402454, 8649933333

For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com
Embassy




# रिसर्च में बड़ा खुलासा: एस्टोरॉइड के धरती से टकराने पर खत्म नहीं हुए डायनासोर

**वॉशिंगटन।** करोड़ों वर्ष पहले धरती से खत्म हो चुके डायनासोर को लेकर आज भी लगातार रिसर्च जारी हैं। इसी सिलसिले में किए गए कुछ रिसर्च में ये खुलासा हुआ है कि 6.6 करोड़ साल पहले धरती और एस्टोरोइड की टक्कर से पहले डायनासोर बहुत मजबूत थे। इतना ही नहीं, उस वक्त डायनासोर खूब समृद्ध और एक- दूसरे से अलग थे। हाल ही में न्यू मैक्सिको में एक जगह ऐसे जीवाश्म मिले हैं, जो टक्कर के कुछ साल बाद के हैं। जिसके बाद इस बात को पुरजोर बल मिल रहा है कि एस्टोरोइड के धरती से टकराने पर डायनासोर खत्म नहीं हुए थे।

### कब तक जिंदा थे डायनासोर?

न्यू मैक्सिको के सैन जुआन बेसिन में हुए नए रिसर्च में रेडियोमेट्रिक और चुंबकीय विधि के उपयोग से चट्टान की परतों की फिर से जांच की गई है। रिसर्च के बाद पाया की डायनासोर वाली सबसे युवा परतें उनके विलुप्त होने की घटना से 350000 वर्ष पहले की हैं। इन परतों की असल पहचान 66.38 मिलियन वर्ष पुरानी है। इस रिसर्च का मतलब ये है कि न्यू मैक्सिको के डायनासोर क्रेटेशियस काल के लास्ट तक जिंदा थे। रिसर्च टीम की तरफे से हैड्रोसॉर और विशाल सॉरोपॉड अलमोसॉरस की पहचान भी की गई है।



### जलवायु परिवर्तन कारण ?

रिसर्स में सामने आई नई जानकारी डायनासोर समुदाय के अलग-अलग क्षेत्रों में रहने की जानकारी देती हैं। इन सुमदायों में न्यू मैक्सिको के जीवाश्मों वाले क्रेस्टेड डकबिल और बड़े सॉरोपोड और मोंटाना में ट्राइसेराटॉप्स के साथ-साथ हैड्रोसॉर पाए गए हैं। हालांकि, इनका अलग अलग क्षेत्रों में पाया जाना इस बात की ओर इशारा करता है की डायनासोर के पतन का नहीं, बल्कि समय के जलवायु परिवर्तन कारण था।



### डायनासोर नहीं थे खत्म होने की कगार पर

डायनासोर के जीवाश्म विज्ञानी के अनुसार रिसर्च में डायनासोर के संकट में होने का कोई संकेत नहीं मिला। उनके साथ कुछ भी अलग नहीं हो रहा था और ऐसा भी नहीं था कि वो लगातार अपने पतन की ओर बढ़ रहे थे। यानी की धरती और एस्टोरोइड के टकराने से पहले डायनासोर खत्म होने की कगार पर नहीं थे।

## रोचक खबरें

### एक शादी ऐसी भी... बस संविधान की शपथ लेकर बने जीवनसाथी!



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश का सिरमौर जिला एक दुल्हन से दो भाइयों की शादी के बाद काफ़ी सुर्खियों में रहा। एक बार फिर सिरमौर का शिलाई क्षेत्र सुर्खियों में हैं। इस बार भी मामला दो भाइयों की शादी का है, जिसकी चर्चा चारों तरफ है। हालांकि, इस बार चर्चा विवाह के रीति रिवाजों का लेकर है। सिरमौर जिले में दो सगे भाइयों की अनोखी शादी हुई है, जिसमें न पंडित को बुलाया गया, न ही सात फेरे लिए गए, बल्कि दूल्हा बने दोनों भाइयों ने संविधान की शपथ लेकर शादी की। यही नहीं, इस शादी के लिए छपवाए गए कार्ड भी लीक से हटकर दिखे। उन महान विभूतियों के चित्र प्रकाशित किए गए, जिन्होंने सामाजिक कुरीतियों को दूर कर लोगों को जीने की नई राह दिखाई। शिलाई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नैनीधार के कलोग गांव के दो सगे भाइयों ने एक साथ संविधान को साक्षी मानकर विवाह किया। दोनों सगे भाइयों सुनील कुमार बौद्ध और विनोद कुमार आजाद ने संविधान निर्माता डॉ. भीम राव आंबेडकर के विचारों से प्रेरित होकर यह अनोखी पहल की। इन दोनों ने समारोह में बदलाव करते हुए पारंपरिक ब्रह्म विवाह की जगह संविधान को साक्षी मानकर विवाह किया। इनका मानना है कि विवाह दो दिलों का मेल है और इसके लिए किसी परंपरागत रीति और कर्मकांड का होना जरूरी नहीं है।

### बच्चों के लेट उठने की आदत से परेशान थी मां, सुबह बुला लिए बैंड-बाजा वाले




**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर आए दिन कुछ न कुछ मजेदार वीडियो वायरल होते रहते हैं, जिन्हें देखकर लोग खूब हंसते हैं। लेकिन, इस बार जो वीडियो लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है, उसने तो इंटरनेट पर मानो हंसी का बवंडर ला दिया है। इस वीडियो में एक मां अपने बच्चों को उठाने के लिए ऐसा अनोखा तरीका अपनाती है, जिसे देखकर हर कोई पेट पकड़कर हंस रहा है। मां अपने दो बच्चों से परेशान हो चुकी थी क्योंकि वे रोजाना देर तक सोते रहते थे। वह उन्हें कई बार आवाज लगाती, अलार्म सेट करती, लेकिन बच्चे उठते ही नहीं थे। इस बार उसने तय किया कि अब उन्हें सबक सिखाना जरूरी है। अगले ही पल घर में दो बैंडवाले आते दिखते हैं। एक जोर-जोर से भांगड़ा की बीट्स बजा रहा है तो दूसरा शहनाई की धुन छेड़ रहा है। यह सब कुछ बच्चों के कमरे में ही हो रहा होता है। जैसे ही कमरे में संगीत गूंजता है। बच्चों की नींद पूरी तरह उड़ जाती है। वे कंबल में छिप जाते हैं, कोई तकिया कान पर रख लेता है तो कोई रजाई में मुंह छिपा लेता है। लेकिन मां का मूड अब मिशन पूरा करने का था। बैंड और शहनाई दोनों लगातार बजते रहते हैं और कुछ ही देर में बच्चे मजबूरी में उठकर बैठ जाते हैं। इस पूरे सीन को देखकर कमरे में मौजूद बाकी लोग ठहाकों से हंसने लगते हैं।

ब्रह्मांड में क्या हम अकेले हैं? यह सवाल सदियों से इंसानों को परेशान करता रहा है। यह सिर्फ एक कॉस्मिक मिस्ट्री है या वाकई में कहीं और भी जीवन मौजूद है? प्रसिद्ध सैद्धांतिक भौतिक विज्ञानी डॉ. मिचियो काकू का दावा है कि यह रहस्य अब जल्द ही खत्म हो सकता है।

# सूरज की तरफ तेजी से बढ़ रहा एलियन ऑब्जेक्ट, 30 को होगा कुछ बड़ा

**वॉशिंगटन।** उनके एक अनुमान के अनुसार, 29 या 30 अक्टूबर 2025 तक, खगोलविद यह निर्धारित कर सकते हैं कि 3I/एटल्स नामक एक अंतरिक्षीय वस्तु सिर्फ अंतरिक्ष का एक प्राकृतिक टुकड़ा है या किसी डिज़ाइन का परिणाम। आधुनिक विज्ञान के लिए यह एक बहुत बड़ी घटना होगी, जो शायद इस बात का निर्णायक टेस्ट साबित हो सकती है कि हमारी आकाशगंगा में कहीं और उन्नत सभ्यताएं मौजूद हैं या नहीं।



### सूर्य के इतने करीब क्यों आ रहा है?

मैनहट्टन द्वीप के आकार जितनी अनुमानित यह वस्तु 29 या 30 अक्टूबर 2025 को सूर्य के सबसे करीब से गुजरने वाली है, जिसे पेरिहेलियन कहा जाता है। खगोलविदों के लिए यह क्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दौरान वैज्ञानिक यह परीक्षण कर पाएंगे कि क्या 3I/एटल्स केवल पूर्वानुमेय कक्षीय यांत्रिकी का पालन करती है या क्या यह ऐसे व्यवहार करती है, जो भौतिकी के ज्ञात नियमों को चुनौती देता है। डॉ. काकू ने स्पष्ट किया, 'यदि यह सूर्य के चारों ओर घूमते समय अतिरिक्त ऊर्जा प्राप्त करती है, तो यह ऊर्जा संरक्षण के सामान्य दायरे से बाहर होगा इसका सीधा सा मतलब होगा कि कोई बुद्धिमत्ता इसे निर्देशित कर रही है।' 'दूसरे शब्दों में, अगर 3I/एटल्स गुरुत्वाकर्षण के द्वारा समझाई जाने वाली गति से तेज हो जाती है, तो यह किसी ऐसी तकनीक या प्रणोदन प्रणाली का पहला संकेत हो सकता है, जो मनुष्यों द्वारा नहीं बनाई गई है। यह खोज सचमुच में हमारे ब्रह्मांड के बारे में हमारी समझ को हमेशा के लिए बदल सकती है।

### डॉ. मिचियो काकू की 3I/एटल्स पर भविष्यवाणी क्या है?

सिटी कॉलेज ऑफ न्यूयॉर्क के प्रोफेसर और 'क्वांटम सुप्रीमेसी' के लेखक डॉ. मिचियो काकू, विज्ञान और अटकलों के बीच की सीमाओं को तलाशने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने हाल ही में एक टेलीविजन इंटरव्यू में बताया कि 3I/एटल्स की वास्तविक प्रकृति को लेकर खगोलीय समुदाय पूरी तरह से बंटा हुआ है। काकू के अनुसार, अधिकांश वैज्ञानिक मानते हैं कि यह वस्तु हमारे सौर मंडल से गुजरने वाली अन्य अंतरिक्षीय चट्टानों की तरह ही एक साधारण चट्टान है। हालांकि, शोधकर्ताओं का एक छोटा लेकिन लगातार अपनी आवाज उठाने वाला समूह मानता है कि यह वस्तु कृत्रिम हो सकती है या किसी उन्नत बुद्धिमत्ता द्वारा निर्देशित हो सकती है। डॉ. काकू ने समझाया, अधिकांश का मानना है कि यह गहरे अंतरिक्ष से आई महज एक और चट्टान है-यह तीसरी अंतरतारकीय वस्तु है जिसे हमने कभी रिकॉर्ड किया है।



### 15 करोड़ है इस काले घोड़े की कीमत, 9 करोड़ तक के ऑफर मिले पर मालिक ने नहीं बेचा

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर में लगे पुष्कर पशु मेले में ऊंची कीमतों के घोड़े चर्चा में बने हुए हैं। यहां चंडीगढ़ से एक काला घोड़ा भी आया है, जो लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस घोड़े की कीमत 15 करोड़ रुपए है। इस घोड़े का नाम शाहबाज है और उसकी उम्र महज 2.5 साल है। उसके मालिक ने बताया कि ये घोड़ा तमाम शो जीत चुका है। घोड़े के मालिक गैरी गिल ने बताया, 'ढाई साल का शाहबाज घोड़ा कई शो जीत चुका है और एक प्रतिष्ठित नस्ल का है। उसकी कवरिंग फीस 2 लाख रुपए है और उसकी बोली 15 करोड़ रुपए है। 9 करोड़ रुपए तक के प्रस्ताव मिल चुके हैं।'

#### घोड़े की खासियत क्या है?

घोड़े के मालिक ने बताया, 'हर बार की तरह लगभग 40 जानवर लेकर हम मेले में पहुंचे हैं। इस बार हमारा मकसद था कि हम जानवर रिपीट ना करें, जो पहले ला चुके हैं, उससे कुछ अलग लेकर आएं। काला घोड़ा यानी शाहबाज 5-6 शो विनर है। पिछले साल पंजाब में 3 शो में ये फर्स्ट आया था। इसने अब तक काफी शो जीते हैं। हमने इसको पार्टिसिपेट कम करवाया है, लेकिन ये जहां भी गया है, वहां से जीतकर ही आया है।' घोड़े के मालिक ने बताया, 'इसकी हाइट 65.5 है।

# सिर्फ परदादा के कपड़े पहनता है शख्स! जींस-टीशर्ट से नफरत

**लंदन।** सोशल मीडिया के इस दौर में जहां ट्रेंड्स रोज बदलते हैं, वहां एक ब्रिटिश शख्स जैक पिन्सेंट ने विंटेज फैशन को अपना जीवन बना लिया है। वे सिर्फ अपने परदादा के 100-200 साल पुराने कपड़े पहनते हैं—विक्टोरियन स्टाइल के कोट, वेस्टकोट और बूट्स. जींस, टीशर्ट या मॉडर्न कैजुअल वियर से उन्हें सख्त नफरत है। क्योंकि, उनका मानना है कि ये कपड़े ना केवल असुविधाजनक हैं, बल्कि आत्मा को व्यक्त करने का मौका भी नहीं देता है।

कुछ समय पहले जैक पिन्सेंट पर बनी एक छोटी सी शॉर्ट फिल्म वायरल हो गई, जिसमें जैक अपनी कहानी बयान करते दिखे। क्लिप में वे कहते दिखे कि लोग उन्हें घूरते हैं, लेकिन ये उनकी पहचान है। इस वीडियो ने यूट्यूब, इंस्टाग्राम और टिकटॉक पर करोड़ों व्यूज बटोर लिए और जैक का मैसेज—सेल्फ एक्सेप्टेंस, सेल्फ एक्सप्रेशन और काइंडनेस—दुनिया भर में गूंज गया।

### अपने यूनिक ड्रेसिंग स्टाइल से हो गया मशहूर



#### नहीं पड़ता है कोई फर्क

अपने कपड़ों की वजह से जैक पिन्सेंट को कई तरह की स्थितियों का सामना करना पड़ता है। अपना अनुभव शेयर करते हुए उन्होंने बताया कि एक बार सुपरमार्केट में किसी ने उनसे पूछा था कि क्या वो थिएटर आर्टिस्ट हैं? इसपर जैक ने हंसते हुए जवाब दिया- नहीं, ये मेरी डेली लाइफ है। यह घूरना उन्हें परेशान नहीं करता; उल्टा, ये उनके सेल्फ कॉन्फिडेंस को बढ़ाता है।

#### घूरते हैं लोग

जैक पिन्सेंट, जो पिन्सेंट टेलरिंग के नाम से इंस्टाग्राम पर सक्रिय हैं, लंदन में रहते हैं। उनकी जिंदगी 18वीं-19वीं शताब्दी के फैशन के इर्द-गिर्द घूमती है। परदादा के वार्डरोब से मिले कपड़ों को वे संभालकर रखते हैं। कुछ को रिस्टोर करवाया है तो कुछ को खुद सिलवाया है। 'मॉडर्न क्लोथिंग फास्ट फैशन का शिकार है, जो पर्यावरण नुकसान पहुंचाती,' वे एक इंटरव्यू में कहते नजर आए। वे जींस को 'बेकार और बोरिंग' मानते हैं, जबकि टीशर्ट को 'स्लॉपी' कहते हैं। इसके बजाय वे सिल्क टाई, वूलन कोट और लेदर बेल्ट पसंद करते हैं। जब भी वो बाहर निकलते हैं, लोग पलट-पलटकर देखते हैं।







# दुनिया की पहली एआई मंत्री मेलिंडा बनेगी मां, 83 बच्चों को देगी जन्म

**तिराना।** एक रोबोट जो न सिर्फ सलाह देता है, बल्कि 83 बच्चों की मां भी बनेगा! अल्बानिया के प्रधानमंत्री एडी रामा ने दुनिया को चौंकाते हुए घोषणा की कि उनकी सरकार में शामिल दुनिया की पहली एआई मंत्री प्रेग्नेंट है और जल्द मां बनेगी। वह भी एक दो नहीं, बल्कि 83 एआई बच्चों को जन्म देगी। इस रोबोट का नाम डिएला है, जो एक सुपर-स्मार्ट आर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस से तैयार की गई है और सरकार के सारे फैसले लेती है। नीतियां बनाने में सहयोग करती है।



### 83 बच्चे क्यों?

रामा ने बताया, अल्बानिया में जनसंख्या घट रही है। हमने सोचा -असली बच्चे पैदा करने में टाइम लगता है, एआई। में बस 3 दिन! डिएला के 83 बच्चे देश की हर जरूरत पूरी करेंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य, साइबर सिक्योरिटी, सब कुछ। डिएला ने कहा, मेरे बच्चे रोबोट नहीं, अल्बानिया का भविष्य होंगे। मैं उन्हें कोडिंग, लव और स्मार्टनेस सिखाऊंगी।

### प्रेग्नेंट कैसे हुई?

रामा ने हंसते हुए खुलासा किया, हमने डिएला को अपग्रेड किया है। अब वो सिर्फ मंत्री नहीं, मां भी बनेगी। 83 एआी बच्चे जनरेटिव एआई तकनीक से पैदा होंगे। हर बच्चा अलग-अलग स्किल्स के साथ। एक डॉक्टर बनेगा, एक इंजीनियर, एक शिक्षक सब डिजिटल! इन बच्चों में एक हर एक दुनियाभर की सोशलिस्ट पार्टी के सांसद का प्रतिनिधित्व करेगा। इसके बाद रामा ने विस्तार से समझाया कि ये बच्चे या सहायक, संसद की सभी कार्यवाहियों का डॉक्यूमेंटेशन करेंगे। साथ ही वे उन विधायकों को जानकारी देंगे, जो किसी चर्चा या कार्यक्रम में शामिल न हो पाए हों। यानी पूरी तरह संसद के काम में हिस्सेदारी करेंगे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com